

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 9 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-250 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


## मुख्यमंत्री के लिए विधायक पर्यवेक्षकों को बताएंगे अपनी पसंद

### भाजपा विधायक दल की बैठक 10 को

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर 9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में 10 दिसंबर विधायक दल की बैठक होगी। सुबह 11 बजे सभी भाजपा विधायकों को रायपुर पहुंचने को कहा गया है। जानकारी के मुताबिक कल 12 बजे से विधायक दल की बैठक हो सकती है। हालांकि अभी तक अधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं कहा गया है। कल सुबह तीनों आब्जर्बर अर्जुन मुंडा,सदानंद सोनोवाल तथा दुष्यंत गौतम रायपुर पहुंच रहे हैं। आब्जर्बरों की मौजूदगी में विधायक दल की बैठक होगी। इस बैठक मनसुख मांडविया,ओम माथुर तथा नितिन नवीन मौजूद रहेंगे। ऐसा बताया जा रहा है कि विधायक दल की बैठक में पर्यवेक्षक वन टू वन विधायकों से चर्चा कर मुख्यमंत्री पद के लिए उनकी पसंद जानेंगे। पर्यवेक्षक रायपुर में विधायक दल की बैठक में राय जानकर दिल्ली में अपनी रिपोर्ट देंगे या फिर विधायक दल की बैठक में ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से चुने गये नामों का ऐलान कर देंगे, ये अभी तय नहीं हुआ है।

आपको बता दें कि कल ही भाजपा ने विधायक दल का नेता चुनने केलिए तीन पर्यवेक्षकों के नामों का ऐलान किया था, जिसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सवानंद सोनोवाल और पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम के नाम है। कल विधायक दल की बैठक में प्रदेश प्रभारी, संगठन महामंत्री सहित मनसुख मांडविया भी मौजूद रहेंगे।यहां यह बताना भी जरूरी है कि मुख्यमंत्री की दौड़ में रमन सिंह,रेणुका सिंह,ओपी चौधरी, विष्णुदेव साय, रामविचार नेताम,अरुण साव शामिल है।

## कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने टिकट दिलाने लिए 7 लाख रुपये

### पूर्व विधायक विनय जायसवाल का सनसनीखेज आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,9 दिसंबर।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद अब कांग्रेस नेताओं का गुस्सा फूट रहा है. पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह के बाद अब विनय जायसवाल ने भी पार्टी पदाधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने प्रभारी सचिव चंदन यादव पर रुपए लेने का बड़ा आरोप लगाया है. विनय जायसवाल ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिव चंदन यादव ने उनसे टिकिट के एवज में पार्टी फंड के लिए सात लाख रुपए लिए थे. जायसवाल का



कहना है कि चार लाख रुपये की पहली किश्त सर्किट हाउस में दी गई तथा तीन लाख रुपये होटल बेबीलॉन में दिए गये। उन्होंने कहा कि उनके पास इस बात की वीडियो फुटेज हैं। यदि ये रुपये पार्टी फंड में दिए होते तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होती लेकिन चंदन यादव ने रुपये अपने लिए लिए है। इसके अलावा पूर्व



उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर भी विनय जायसवाल ने गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने राजदरबारियों को टिकट देने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि रमेश सिंह और जतिन जायसवाल सब राज दरबारी हैं. बीजेपी और आरएसएस के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा गया, फर्जी सर्वे रिपोर्ट तैयार की गई.

## संक्षेप

### जनता की गाढ़ी कमाई तिजोरी में छिपाती है कांग्रेसः अनुराग

**नई दिल्ली,9दिसंबर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस के



राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर आयाकर विभाग की छापेमारी को लेकर विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस को भ्रष्टाचार का पोषक बताते हुए जनता की गाढ़ी कमाई को तिजोरी में छिपाने का आरोप लगाया।अनुराग ठाकुर ने कहा कि जनता को देखना चाहिए कि कांग्रेस के नेता क्या-क्या दावे करते हैं और जमीन पर इसके नेता कितने भ्रष्ट हैं। भूपेश बघेल ने महादेव एप के नाम पर 508 करोड़ की वसूली की और अब धीरज साहू के नोटों की गिनती खत्म नहीं हो रही है। इस पार्टी का केवल चेहरा ही खराब नहीं है। चाल और चरित्र भी पूरी तरह भ्रष्ट हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई का जिक्र करते हुए बताया कि बेंगलुरु में कांग्रेस नेता के रिश्तेदार के घर में 22 बक्सों में 42 करोड़ रुपये के बंडल मिले थे। जुलाई 2022 में बंगाल में तृणमूल सरकार के मंत्री पार्थ चटर्जी के ठिकानों से 50 करोड़ नकद और सोना बरामद हुआ था। जून 2022 में ही दिल्ली सरकार के तत्कालीन मंत्री सत्येंद्र जैन के ठिकानों से लगभग तीन करोड़ रुपये और सोने के सिक्के बरामद हुए थे।

### भाजपा नेता की हत्या

**नारायणपुर,9 दिसंबर।** नारायणपुर के छोटेडोंगर में नक्सलियों ने भाजपा नेता की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि भाजपा नेता कोमल मांझी सुबह शीतला मंदिर में



पूजा करने गए थे, जहां से लौटते वक्त साधारण वेशभूषा में पाहुंचे नक्सलियों ने कोमल मांझी को पकड़ लिया और टंगीया से मारकर उनकी हत्या कर दी है। नक्सलियों ने आमदई माइंस को लेकर कोमल मांझी को चेतावनी दी थी। मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है। पर्चा जारी कर लिखा आमदाई खदान का करोड़ो रुपए खाया है, इसके साथी आमदाई से गद्दारी न करने की बात लिखी है।

### तेलंगाना में कांग्रेस ने ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बनाया

**हैदराबाद,9 दिसंबर।** तेलंगाना में नवनिर्वाचित कांग्रेस की सरकार द्वारा एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। अब नवनिर्वाचित नेताओं को प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी के समक्ष तेलंगाना विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेनी है। वहीं बीजेपी विधायक शपथ ग्रहण का बहिष्कार कर रहे हैं। बीजेपी के विधायक टी राजा का कहना है कि वह अकबरुद्दीन ओवैसी से शपथ नहीं ग्रहण करेंगे। बीजेपी के अन्य विधायक भी टी राजा के समर्थन में आ गए हैं। एआईएमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी को तेलंगाना विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किए जाने पर बीजेपी नेता टी राजा सिंह का कहना है, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस की सरकार बनने और रेवंत रेड्डी के सीएम बनने के बाद कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है। रेवंत रेड्डी हर बार बयान देते थे कि बीजेपी एआईएमआईएम और बीआरएस एक हैं लेकिन तेलंगाना की जनता जान गई है

### 'मोदी की गारंटी पर पूरे देश को भरोसा'

## गरीब, माताएं-बहनें, किसान मेरे लिए वीआईपी: मोदी

**नई दिल्ली,9 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने कहा 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है, हिंदुस्तान



के कोने-कोने में दिख रहा है, चाहे उत्तर हो, दक्षिण हो, पूरब हो, पश्चिम हो। बहुत ही छोटा गांव या बड़ा गांव हो, लोग गाड़ी को खड़ी करके सारी जानकारियां लेते हैं। ये अपनेआप में अद्भुत है। उन्होंने कहा कि देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को हमारी सरकार की किसी न किसी योजना का जरूर लाभ मिला है। और जब ये लाभ मिलता है तो एक विश्वास बढ़ता है। जिंदगी जीने की एक नई ताकत आ जाती है।

मोदी ने कहा कि पहले जो भीख मांगने की मनःस्थिति रहती थी अब वो गई। सरकार ने लाभार्थियों की पहचान की और फिर उन तक लाभ पहुंचाने की कदम उठाए। तब ही आज लोग कहते हैं- मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरी होने की गारंटी। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। यह बहुत बड़ी बात है कि इतने कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की लगातार कोशिश है कि जब मोदी की गारंटी वाली गाड़ा पहुंचे तो गांव का हर एक व्यक्ति उस गाड़ी तक जरूर पहुंचना चाहिए, तब ही हम हर लाभार्थी तक पहुंच पाएंगे, क्योंकि हमें देश को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कगा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचने के बाद लगभग एक लाभ नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। इस यात्रा के दौरान मौके पर ही 35 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये यात्रा देश के कोने-कोने तक पहुंच रही है...और लोगों के दिलों में खुशी और उत्साह का संचार कर रही है।

मोदी ने कहा कि ओडिशा में लोग अद्भुत पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत कर रहे हैं...मैंने पश्चिम खासी हिल्स क्षेत्रों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मनमोहक वीडियो देखे...मैं इन सब से मंत्रमुग्ध हो गया हूं। उन्होंने कहा कि मेरे परिवारजन तक पहुंचने का आपके सेवक का यह प्रयास है। मैं आपके गांव तक आ रहा हूं, गाड़ी के माध्यम से आ रहा हूं। इसलिए कि आपके सुख-दुख का साथी बनूं, आपके आशा-आकांक्षाओं को समझूं। उसको पूरा करने के लिए सरकार की पूरी शक्ति लगाऊं। उन्होंने कहा कि देश का हर गरीब मेरे लिए वीआईपी है, देश की हर माता-बहन-बेटी मेरे लिए वीआईपी है, देश का हर किसान मेरे लिए वीआईपी है, देश का हर युवा मेरे लिए वीआईपी है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में हाल में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों की आज भी बहुत चर्चा हो रही है। इन चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया है कि मोदी की गारंटी में ही दम है। मैं सभी मतदाताओं का आभारी हूं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी दलों ने राजनीति स्वार्थ के बजाये सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता, सेवाभाव को ही अपना काम समझा होता, तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव में, मुसीबतों में, तकलीफों न रहती।

## पार्टी फोरम से बाहर होगी बात तो की जाएगी कार्रवाई: कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,9 दिसंबर।** चुनाव में कांग्रेस को मिली बड़ी हार के बाद पार्टी लगातार EVM पर सवाल खड़े कर रही है. वहीं पार्टी के हार का ठीकरा कांग्रेस नेता एक दूसरे पर फोड़ रहे हैं, जिसपर आनंद शुक्ला ने कहा कि सार्वजनिक बयानबाजी नहीं करनी चाहिए पार्टी अनुशासन के



दायरे में आती है. पार्टी फोरम से बाहर बात होगी तो कार्रवाई होगी.तीन राज्यों के विधानसभा परिणाम पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि एश्ट के विश्वनीयता पर लगातार सवाल खड़ा हो रहे हैं. EVM से पोलिंग कराने के लिए क्यों अड़े हुए है. आने वाला लोकसभा चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए. प्रजातंत्र को बचाने के लिए यह आवश्यक है.

बीजेपी में अभी तक मुख्यमंत्री तय नहीं होने पर सुशील आनंद शुक्ला ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी धोखे से सत्ता प्राप्त की है. बीजेपी को भरोसा ही नहीं था तीन राज्यों में चुनाव जीत कर सरकार बनाएगी. बीजेपी के नेताओं में जुताम पैजार मची हुई है. मुख्यमंत्री किसे बनाया जाए बीजेपी तय करने की स्थिति में नहीं है. एश्ट के कारण बीजेपी ने सत्ता हड़पा है. बीजेपी के पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाले हैं. इस पर संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा जल्दी से जल्दी पर्यवेक्षक विधायक दल की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जिसे भी बनाएं. छत्तीसगढ़ में जो सामान्य कामकाज है वह शुरू हो सके. छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने जो वादा किया है उसको तत्काल पूरा करे. किसान 3100 सौ रुपये एक मुश्त प्राप्त करने के लिए इंतजार कर रहे हैं. छत्तीसगढ़ में चल रही बुलडोजर कार्रवाई पर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बुलडोजर भय और आतंक का प्रतीक है. छोटे-छोटे लोगों के ऊपर कार्रवाई करके क्या संदेश देना चाहते हैं? बीजेपी को जिन हिंदुओं ने वोट दिया है, उनके ठेले उजाड़ने का काम किया जा रहा है. ध्रुवीकरण करने के लिए बुलडोजर की संस्कृति लाई जा रहा है, जो देश के लिए घातक है. पार्टी फोरम से बाहर बात करने पर कांग्रेस अब कार्रवाई करने के मूड में है.

### बृहस्पत सिंह को नोटिस जारी

**रायपुर,9दिसंबर।** रामानुजगंज से पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह को छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है. नोटिस जारी करते हुए पीसीसी ने 3 दिन में बृहस्पत से लिखित में जवाब मांगा है. उन पर पार्टी की छवि धूमिल करने का आरोप लगा है. जिसके चलते उन्हें नोटिस जारी किया गया है. बता दें कि पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह ने प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर गंभीर आरोप लगाए थे. साथ ही कुमारी सैलजा को हटाने की मांग की थी.

## अनर्गल बयानबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत : महंत

**कोरबा,9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस इलेक्शन कम्पैन कमेटी के चेयरमैन व विधानसभा अध्यक्ष व सक्ती के नव निर्वाचित विधायक डॉ. चरणदास महंत ने विधानसभा चुनाव 2023 में मिले जना देश का



सम्मान करते हुए प्रदेश भर के मतदाताओं का आभार जताया, साथ ही डॉ. महंत ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के खिलाफ दिये गए बयानबाजी की तल्ख लहजे में निंदा करते हुए गहरी नाराजगी ब्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की बयानबाजी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की जरूरत है। डॉ. महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को तोड़ने- बाटने व कमजोर करने वालो की अब कांग्रेस में कोई जरूरत नही है ! इस तरह के लोगो के खिलाफ अनुशाशन का डंडा चलाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व कुमारी शैलजा व प्रदेश के सह प्रभारियों ने कांग्रेस को एक जुट रखा,बावजूद किसी को अपनी बात रखना है तो पार्टी फोरम में रखे,पार्टी के बाहर बात रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जरूरत है । डॉ. महंत ने कहा कि पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस बाबा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बयानबाजी करने वालो को बर्दाश्त नही किया जाएगा !

### एनएमडीसी स्टील प्लांट से लोहे की चोरी

## सीआईएसएफ के जवानों ने एक ही नंबर के दो ट्रकों को पकड़ा

**जगदलपुर,9 दिसंबर।** जिले के नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट से लोहा चोरी का मामला सामने आया है. प्लांट में शातिर तरीके से प्लान कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा था. सुरक्षा में लगे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने लोहा चोरी करते हुए एक ही नंबर के दो ट्रकों को पकड़ा है. उसके बाद मामले की सूचना नगरनार थाने में दी.सीआईएसएफ के जवानों को चोरी का शक तब हुआ जब माल वाहक ट्रक में लोहा ओवरलोड प्राप्त हुआ. इसके बाद सीआईएसएफ के जवानों



ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। इस बीच दोनों ट्रक के चालक मौके से फरार हो गए. एनएमडीसी के सुरक्षा अधिकारियों ने घटना को लेकर नगरनार थाने में एफआईआर दर्ज कराई. मौके पर पंहूची पुलिस ने चोरी में उपयोग हो रहे वाहनों को जब्त कर लिया है. सीएसपी विकास कुमार ने बताया की मामले की जांच शुरू कर दी गई है. वाहन मालिकों से पूछताछ के साथ ही यह लोहा कहा ले जाया जा रहा था इसकी भी जांच की जा रही है. बता दें की हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनएमडीसी स्टील प्लांट का उद्घघाटन किया था. उद्घाटन से पहले भी कच्चा लोहा चोरी की घटना सामने आई थी. लेकिन तब एनएमडीसी स्टील प्लांट में प्राइवेट सिक्योरिटी के जवान तैनात हुआ करते थे. पिछले मामले में पुलिस ने गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की थी.

## भ्रष्टाचार की काली कमाई से कांग्रेस नेता अपनी जेब भर रहे हैं: केदार

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,9 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक केदार कश्यप ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मलेन को संबोधित कहा कि झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू से जुड़े व्यापारिक समूह के ठिकानों पर झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 06 दिसंबर, बुधवार से जारी आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक 200 करोड़ रुपये से अधिक का कैश बरामद हो चुका है। अभी बरामद रुपयों की गिनती चल ही रही है। ऐसे में यह जब्त राशि और बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि इस रेड में देश में कानूनी तरीके से जब्त की जानेवाली सबसे बड़ी नकदी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जब्त नोटों की संख्या इतनी ज्यादा कि उन्हें गिनने के लिए मंगवाई गई मशीनें भी खराब हो गई। कार्रवाई को इतना गोपनीय रखा गया था कि रेड में शामिल लोगों को मालूम नहीं था कि कहां जाना है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक श्री कश्यप ने कहा कि एक तरफ घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट-खसोट और दलाली की गारंटी है और दूसरी तरफ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है जो भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कश्यप ने कहा कि जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी मतलब बेईमानों से पाई-पाई वसूलने की गारंटी। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक श्री कश्यप ने कहा कि अगर एक कांग्रेसी सांसद के पास ?200 करोड़ की नगदी पकड़ी गई, तो बाकी सभी कांग्रेस सांसदों के पास कितनी नकदी होगी? इस हिसाब से तो गांधी परिवार विश्व का सबसे भ्रष्टाचारी परिवार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी, ऐसे कितने आर्टिस्ट है कांग्रेस में? जनता से लूटे हुए पैसे का हिसाब-किताब हर रोज लिया जायेगा, ये मोदी की गारंटी है। कांग्रेस ने अपने नेताओं को करप्शन का एटीएम बना दिया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं



विधायक श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकला नोटों का पहाड़ और गिनती जारी है। मोहब्बत की दुकान के एक फ्रेंचाइजी के गल्ले में 200 करोड़ के नोट मिले हैं। खूब बिक्री हुई है लगता है। सारी मोहब्बत कुछ यूं बिक गई तभी पास में सिर्फ हिंदुत्व और सनातन से नफरत बची है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस का जनप्रतिनिधि होगा, वहां इस बात की गारंटी है कि वह भ्रष्टाचार अवश्य ही करेगा। ऐसे घोटाले और भ्रष्टाचार के सेंटर का नाम यदि गांधी करप्शन सेंटरह्न रख दिया जाए तो यह गलत नहीं होगा क्योंकि ऐसे सभी कामों की ट्रेनिंग उन्हीं के द्वारा दी जाती है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक श्री कश्यप ने कहा कि क्ठउक्र एलायंस यानी घमंडिया गठबंधन के नेता भ्रष्टाचार कर लूट खसोट करते हैं।

### छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के साथ पिछले पांच वर्षों से सौतेला व्यवहार

jasclaudius@gmail.com

## बड़ी उम्मीद के साथ निगाहें नई सरकार की ओर

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ के सत्ताधारी दल के राजनीतिकों खेल प्रशासकों ने अपने कार्यशैली से प्रदेश के खेल परिदृश्य में निराशा उत्पन्न की। 23 वर्षीय युवा छत्तीसगढ़ राज्य में 2018 से लेकर 2023 के कार्यकाल में अधिकांश खिलाड़ियों प्रशिक्षकों ने अपने आपको असहाय, बेसहारा, अकेला महसूस किया। खेल के मैदान में राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में बड़ी उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का प्रशासनिक स्तर पर पूछ परख करने वाला कोई नहीं रहा। एक खिलाड़ी के साथ- साथ उनके अभिभावक,प्रशिक्षक से लेकर उन्हें प्रोत्साहित करने वाले यहां तक कतिपय खेल संघ के अधिकारी भी इस दौरान पछताने के लिए मजबूर हो गये कि आखिर हमने खेलकूद को अपना कैरियर बनाने की क्यों सोचा? छत्तीसगढ़ महतारी की हम संतान हैं हमने जी जान लगाकर खेलकूद के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा,अपनी जवानी को न्यौछावर कर इस प्रदेश का नाम राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया। उसके बदले हमें संबंधित राजनीतिज्ञों तथा अधिकारियों से उचित सम्मान, पुरस्कार तक नहीं मिला। यह सत्य भी है। अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता में प्रदर्शन की वजह से खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, सहयोगी स्टाफ को पुरस्कृत किए जाने की परंपरा भारत के कई राज्यों में रही है।

पुरस्कार के रुप में नगद राशि, भूखंड,शासकीय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में नौकरी आदि पदकधारियों को दिए जाने की परंपरा रही है। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष खेल दिवस पर खेल अलंकरण और शासकीय नौकरी के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किए जाने का प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार के नियमों में है लेकिन पिछले पांच वर्षों के खेल विभाग की फाइलें, पारित आदेश पर गौर करेंगे तो आप हताश हो जायेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय खेलों में भाग लेकर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को गुजरात 2022 तथा गोवा 2023 के खेलों के पहले सिर्फ ठेगा दिखा दिया गया और इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में प्रतिभागी होकर पदक जीतने के लिए पहले से किसी तरह के सम्मान, पुरस्कार, भूखंड, नगद राशि की घोषणा नहीं की गई। इसके बावजूद हमारे खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया और करीब 40 पदक जीते।

हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र,ओडिशा आदि अनेक राज्यों में इस तरह की घोषणा किए जाने की परंपरा रही है जिसका परिणाम है कि उनके खिलाड़ी बड़ी संख्या में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक हासिल करने अपने राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में खेल विकास प्राधिकरण भी बनाया गया है। जिसके कर्ताधर्ता इस प्रदेश में खेल व खिलाड़ियों के हित की रक्षा करने में कितने सफल रहे हैं। इसका प्रमाण तो उनके कार्यकाल की उपलब्धि के मूल्यांकन से लगाया जा सकता है। आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में नई सरकार सत्ता में आने वाली है अतः अब उनके लिए इस प्रदेश के खिलाड़ियों के हित को लेकर बड़ी चुनौती है। राज्य में नई भर्तियां होनी है। सबसे पहले उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन करना होगा। फिर उन खिलाड़ियों को रिक्त पदों में नियुक्त देनी होगी। नौकरी के लिए उपयुक्त अनेक खिलाड़ियों की उम्र निकलती जा रही है। इस पर भी गौर करना होगा। अन्यथा भविष्य में माता-पिता, अभिभावक अपने होनहारों को खेल के मैदान में तभी भेजेंगे जब उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा। अतः छत्तीसगढ़ की नई सरकार को पूरी गंभीरता से इस दिशा में ठोस कदम उठाने तैयार होना चाहिए।

## एक नजर



### अतिथियों ने गाय को रोटी खिलाई

**भिलाई, 9 दिसंबर।** नाड़ी परीक्षण के बाद गौ माता को अतिथि रेखराम बंछोर, प्रशान्त गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, डॉ दिनेश साहू जी और सनातन धर्म गौ रक्षा वाहिनी जामुल महिला मोर्चा द्वारा रोटी खिलाकर गौ भोज भी किया गया।

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई साई नगर उरला दुर्ग के सूने मकान में चोरी की घटना हुई है अज्ञात आरोपित ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल और कुछ नकदी रुपये चोरी कर लिया। घटना की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की है साई नगर उरला रोड दुर्ग निवासी शिकायतकर्ता शाश्वत श्रीवास्तव ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। 27 नवंबर को शिकायतकर्ता स्वजन के साथ अपने रिश्तेदार के घर आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए बिलासपुर चला गया था। वहां से वे लोग 29 नवंबर को वापस लौटे तो उसे घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला आलमारी में से सोने-चांदी के आभूषण, चांदी का सिक्का, दो मोबाइल और कुछ नकदी नहीं थी ।

### युवक पर कटार से जानलेवा हमला

**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई रामनगर में बीती रात को एक युवक पर कटर से जानलेवा हमला हुआ। घटना का शिकार पीड़ित युवक और आरोपित का एक ही युवक से दोस्ती है। वे दोनों उसके घर पर खाना खाने के लिए गए थेउनका दोस्त कुछ सामान लेने के लिए घर से बाहर गया इसी दौरान दोनों युवक पुरानी विवाद को लेकर लड़ने लगे और आरोपित ने अपने पास से कटर निकालकर पीड़ित पर जानलेवा हमला कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही वैशाली नगर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी की और उसे गिरफ्तार किया है पुलिस ने बताया कि रामनगर निवासी पीड़ित आदित्य सिंह और आरोपित शक्ति गेंड्रे का पुराना विवाद था लव नाम का एक युवक उन दोनों का दोस्त है पीड़ित आदित्य सिंह और आरोपित शक्ति गेंड्रे खाना खाने के लिए लव के घर पर गए थे इस दौरान लव कुछ सामान लेने के लिए दुकान पर गया इसी दौरान आरोपित शक्ति गेंड्रे और पीड़ित आदित्य सिंह के बीच पुराने विवाद को लेकर झगड़ा शुरू हो गया आवेश में आकर आरोपित ने अपने पास से कटर निकालकर पीड़ित सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया।

### युवती आनलाइन ठगी का शिकार हुई

**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई सेक्टर-10 निबासी एक युवती आनलाइन ठगी का शिकार हो गई। आठ नवंबर को शिकायतकर्ता के मोबाइल पर एक मैसेज आया था। जिस पर होटल को आनलाइन रेटिंग देकर रुपये कमाने की बात लिखी हुई थी। पीड़िता ने पहली बार होटल को आनलाइन रेटिंग दी तो उसे 210 रुपये का रिवार्ड भी मिला इसके बाद आरोपित ने फिर से रेटिंग का मैसेज भेजा और ज्यादा रिवार्ड के लिए पहले पैसे जमा करने के लिए कहा। आरोपित की बातों में आकर पीड़िता ने उसके बताए अनुसार 60 हजार 800 रुपये जमा कर दिए और रेटिंग भी दी। इसके बाद भी जब को कोई रिवार्ड नहीं मिला तो उसे अहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गई है। तब उसने भिलाई नगर थाना में शिकायत की पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी की है। सेक्टर-10 निवासी कुमारी पूनम गजेंद्र ने ठगी की शिकायत की है। पीड़िता के पास आठ नवंबर को वाट्सएप पर एक लिंक आया था जिस पर होटल से जुड़ा रेटिंग देने के लिए कहा गया था पहली बार रेटिंग देने पर उसे 210 रुपये का रिवार्ड भी मिला था। अगले दिन आरोपित ने मैसेज भेजा और रेटिंग कर रिवार्ड लेने के लिए उकसाया। आरोपित ने ज्यादा रिवार्ड लिए कंपनी के पास कुछ पैसे जमा करने के लिए कहा। पीड़िता ने पहली बार सात हजार आरोपित द्वारा भेजे यूपीआइ पर जमा किए फिर आरोपित ने 15 हजार और 38 हजार 800 रुपये फिर से मंगवाए।

### कार ने बाइक सवाल को टक्कर मारी

**भिलाई, 9 दिसंबर।** फारेस्ट एवेन्यू में सेक्टर, -4 जाने वाले सड़क जहाँ पान ठेला है, के पास कार वाले ने ड्यूटी जा रहे बी एस पी कर्मी को बाईक सहित ठोका, जो उछल कर पान ठेले पास खड़े दूसरे बी एस पी कर्मी ( चाय पी रहे)के ऊपर जा कर गिरा। दोनों घायल हो गये। जिसे प्रत्यक्ष दर्शियो ने फोन कर एंबुलेंस बुलाया और मेन मेडिकल पोस्ट भेजा। बाईक वाला जुनियर अधिकारी का पैर फैक्चर हुआ है। कार वाला भी अधिकारी है।

### ग्राम पंचायत गाड़ाडीह ओडएफ स्थायित्व के शिखर पर

**दुर्ग, 9 दिसम्बर ।** जिला मुख्यालय से 26 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम गाड़ाडीह, जनपद पंचायत पाटन स्थित है जहां कुल घरों की संख्या 385 तथा कुल जनसंख्या 1635 है। गाँव को स्वच्छ तथा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए पंचायत के द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे है। चूंकि स्वच्छता ही स्वास्थ्य जीवन का आधार स्तम्भ है।

# विजय शर्मा के निर्देश पर संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का तीन माह से रुका वेतन हुआ जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 9 दिसंबर।** नियमितीकरण सहित अनेक मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 3 जुलाई से 02 अगस्त 23 तक आन्दोलन रत रहे . तत्कालीन कांग्रेस सरकार के झूठे आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने अपना आन्दोलन वापस ले लिया था . इस दौरान हड़ताल पर रहे कर्चारियों का वेतन रोक दिया गया था . शासन द्वारा आन्दोलन अवधी को शून्य दिवस मानते हुए वेतन दिए जाने हेतु निर्देश प्राप्ति के बाद 23 जिलो में आन्दोलन रत संविदा कर्मियों का वेतन भुगतान कर दिया गया था . किन्तु कवर्धा जिले के सविदा स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन दुर्भावना पूर्ण जारी नही किया गया था।

इसी तारतम्य में सविदा स्वास्थ्य कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल ने नव निर्वाचित विधायक विजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई . इस पर विधायक विजय शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को शाम तक वेतन जारी हो जाने का आश्वासन दिया था . आश्वासन के अनुरूप विजय शर्मा के निर्देश पर सी एम एच ओ ने संविदा कर्मियों के वेतन आहरण करने का निर्देश जारी कर दिया है।



इस पुरे विषय में संविदा स्वास्थ्य कर्मीयों के प्रतिनिधि मंडल में डॉ सुरेन्द्र चन्द्रवंशी ,डॉ मुकेश खुटें, सौरभ तिवारी ,डॉ निलेश चन्द्रवंशी ,हर्ष चदेल,शशिकांत डॉ त्रिवेणी पटेल ने प्रशन्नता जाहिर करते हुए कहा मा. विजय शर्मा जी ने शाम तक का आश्वासन दिया था तय सीमा में ही हमारा वेतन आहरण करने का निर्देश प्राप्त हो गया . 23 जिलो में भुगतान हों जाने के बाद भी हमे भटकना पड़ रहा था . उन्होंने वेतन जारी होने पर संविदा स्वास्थ्य कर्मी जिला कबीरधाम की ओर से विजय शर्मा को आभार जताया ।



### मधु तिवारी ने विधायक विजय शर्मा को बधाई दी

**कवर्धा।** प्रदेश महिला मोर्चा कार्य सामिति सदस्य मधु तिवारी जिला मंत्री नीतू शर्मा ने कवर्धा विधायक विजय शर्मा को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी ।

### टैक्स जमा करने सोमवार से शिविर

**रिसाली।** नगर पालिक निगम टैक्स वसूली करने वार्डो में शिविर लगाई जाएगी। शिविर सोमवार से अलग-अलग वार्डो में लगेगा। नागरिक आवासीय, व्यावसायिक, अन्य भवनों का संपत्ति कर यूजर चार्ज, जलकर, भू भाटक मौके पर जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते है। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने शिविर की जिम्मेदारी अलग-अलग अधिकारियों को दी है। सोमवार 11 दिसंबर को शिविर मैत्री बाग रोड, 12 से 14 दिसंबर को टंकी मरोदा, 19 से 21 दिसंबर को स्टेशन मरोदा, 26 व 27 दिसंबर को पुरैना व डुंडेरा में 2 से 4 जनवरी को रूआबांधा बस्ती, 9 व 10 जनवरी को रिसाली बस्ती और 16-17 जनवरी को नेवई बस्ती खदान पास में शिविर लगाई जाएगी।

### भजन सम्राट एवं गजल गायक पद्मश्री अनूप जलोटा नाईट का आयोजन



**भिलाई, 9 दिसम्बर।** अन्तर्राष्टीय ख्याति प्राप्त पद्मश्री अनूप जलोटा भिलाई क्लब के क्रिस्टल गार्डन में आज शनिवार को संध्या 7.30 बजे से भजन व गीत-गजल पेश करेंगे। पद्मश्री अनूप जलोटा नाईट कार्यक्रम का आयोजन सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस संगीत संध्या में अनूप जलोटा जी के साथ संगतकार के रूप में गायिका सुश्री नितासा अग्रवाल, तबला वादन में देवेन्दर कुमार भारती, गिटार वादन में हिमांशु तिवारी तथा वायलिन वादन में महेश राव संगत करेंगे। आयोजन में अनूप जलोटा अपने बेहद चर्चित भजनों एवं गजलों की विशेष प्रस्तुतिओं को प्रस्तुत करेंगे। सुर-संगीत से सजी इस शाम में स्थानीय व नवोदित कलाकारों को अन्तर्राष्टीय स्तर के सुप्रसिद्ध कलाकार, अनूप जलोटा की प्रस्तुति सुनने और उन्हें देखने का अवसर मिलेगा। गत वर्षों से सुर सम्राट अनूप जलोटा जी के अविस्मरणीय गायकी के प्रति रुझान के दृष्टिगत संयंत्र प्रबंधन द्वारा यह आयोजन भिलाई के संगीत प्रेमियों को समर्पित किया जा रहा है। इस आयोजन में भिलाई के संगीत प्रेमियों के लिये प्रवेश नि:शुल्क है।


## प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों में बिछेगी पाइप लाइन, एमआईसी में मिली स्वीकृति

**भिलाई, 9 दिसम्बर।** निगम क्षेत्र में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन किफायती आवास योजना तक पानी पहुँचाने, पाईप लाईन बिछाने, नेहरू नगर के एक भीतरी सड़क का नाम महाराणा प्रताप मार्ग रखने तथा निगम क्षेत्र के उद्यानों के रखरखाव हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा प्रदान किया गया। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में आहुत किया गया। बैठक में 15वे वित्त आयोग से प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन किफायती आवास योजना (एएचपी) में पाईप लाईन कार्य हेतु न्यूनतम दरदाता से संविदा निष्पादन कर कार्यादेश किये जाने की अनुमति महापौर परिषद द्वारा प्रदान किया गया, ताकि




शासकीय योजना में भवन आबंटित हितग्राहियों को शुद्व पेयजल प्राप्त हो सके। नेहरू नगर पश्चिम ब्लाक 45बी एवं 47ए वाली सड़क का नामकरण महाराणा प्रताप मार्ग किये जाने की अनुमति उसी प्रकार 15वे वित्त आयोग मद से लगभग 2.76 लाख रूपये की लागत से सी.एण्ड डी वेस्ट ट्रिटमेंट प्लांट लगाये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव में मेसर्स गुरू रामदास कन्सट्रक्शन नांदेड द्वारा दिये गये दर निविदा में प्राप्त दर अधिक होने के कारण दर नेगोशियेशन किये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया है साथ ही निगम क्षेत्र के विभिन्न योजनाओं में रिक्त आवासीय, आवास सह व्यवसायिक तथा व्यवसायिक भूखण्डो का आनलाईन निविदा के 33 उच्चतम बोलीदाता को लोकहित में यह नियम केवल एक बार वर्तमान समय के लिए लागू किए जाने की शर्त पर अचल संपत्ति अंतरण नियम 1994 के निविदा के नियम/शर्तो की कंडिका 25 में आंशिक शिथिलीकरण करते हुए एन.आर.डी.ए. के लीज डीड के नियम शर्तो के आधार पर प्रब्याजी की शेष राशि पर 8.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लेकर 1 माह का समय दिये जाने की अनुशंसा कर प्रकरण सामान्य सभा में विचारार्थ रखे जाने की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई है। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, मालती ठाकुर, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, रीता सिंह गेरा, मीरा बंजारे, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, नेहा साहू निगम सचिव शरद दुबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीत



### विजय शर्मा की ऐतिहासिक जीत पर मिठाई खिलाकर भाजपाइयों ने खुशी मनाई

**कवर्धा।** तेरह बुथ अध्यक्षो को हार बहनाकर एव मिठा खिलाकर किया सम्मान जयराम साहू, जिला संगठन द्वारा पोड़ी शक्तिकेन्द्र एव लेजाखार शक्तिकेन्द्र के जोन का प्रभारी के रूप मे काम करने का मौका मिला जिस पर हमारे लोकप्रिय विधायक भैया विजय शर्मा जी को ऐतिहासिक जी होने पर सभी 13 मे बुथ अध्यक्षो को उनके निवास पर जाकर मिठाई खिलाकर हार बहनाकर जीत का बधाई दिया ,जिसमे बुथ अध्यक्ष,दिलीप श्रीवास्तव पोड़ी ,अमन पाली पोड़ी, नीलकंठ वर्मा मारियाटोला, घनाराम टण्डन प्रभाटोला, पवन कोसले बुधवारा, श्यामरतन कोसले रहंगी, रामफल वर्मा बैहरसरी, सुदर्शन वर्मा बैहरसरी, महेन्द चद्रवंशी सिल्हाटी, जितेंद्र साहू लेजाखार, सीताराम वर्मा नेऊरगॉव, भुषण कुर्रे नेऊरगॉव, नंदराम साहू बघर्रा, साथ मे उपस्थित लाला साहू, अजय वर्मा,सोनी गोस्वमी, राजू भारती, जिवन भारती उपस्थित रहे ।

## यूनिवर्सल रेल मिल में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन



**भिलाई, 9 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत यूनिवर्सल रेल मिल विभाग में 7 दिसम्बर को शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में यूनिवर्सल रेल मिल के प्रबंधक रोहित चौधरी को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया तथा ओसीटी एम वी राव, एसीटी अमृत टोप्पो तथा ओसीटी धर्मेंद्र सिंह को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में कार्मिकों को कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक विशाल गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, उनके जीवनसाथी हेतु प्रशंसा पत्र तथा एक मिठाई का कूपन देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित होने वाले कार्मिकों को बधाई देते हुए उनके कार्य के प्रति कर्मठ योगदान की प्रशंसा की। समारोह में महाप्रबंधक शिशिर शुक्ला, महाप्रबंधक रजत मुखर्जी, महाप्रबंधक जुड फ्रांसिस, महाप्रबंधक डी बेहरा, महाप्रबंधक एलियास अहमद, महाप्रबंधक पंकज कुरील, महाप्रबंधक रणवीर पाल, महाप्रबंधक भास्कर राय सहित अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी जसबीर सिंह, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी बहोरन लाल साहू सहित अन्य अधिकारीगण तथा कार्मिक उपस्थित थे। पुरस्कृत कार्मिक ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के पुरस्कार से उनका मनोबल बढ़ा है एवं उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक नरेन्द्र इंगले ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अतिरिक्त एमटीए सुश्री शिरीन ने किया।

## रिसाली में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर 35 से ज्यादा दुकानों को तोड़ा गया



**रिसाली,9 दिसंबर।** लंबे समय से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर व्यापार करने वालों को खदेड़ा गया। नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर अस्थाई दुकानों को जेसीबी से हटाया गया। ऐसे दुकानों की संख्या लगभग 35 है। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन बेदखली कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन की टीम ने नेवई थाना परिसर स्थित पेट्रोल पंप से लेकर रेलवे क्रासिंग तक लगभग 35 अस्थाई दुकान हटाकर सरकारी जमीन को मुक्त कराया। फुटकर व्यापारियों ने बांस बल्ली और हाथ ठेले को बेस बनाकर पक्का निर्माण किया था। अधिकारियों ने पहले समझाइश दी। असर नहीं होने पर तोड़ू दस्ता में शामिल सद्स्यों ने बांस बल्ली को जब्त किया। इस कार्रवाई में प्रभारी भवन अधिकारी अखिलेश गुप्ता, राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा, प्रभारी सहायक अभियंता गोपाल सिन्हा, जगरनाथ कुशवाहा और स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार आदि शामिल थे। आचार संहिता खत्म होते ही निगम प्रशासन ने पहले देशी शराब दुकान जोरातराई परिसर में संचालित चखना सेंटर को ढहाया। निगम प्रशासन द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद भी टपरी नुमा दुकान नहीं हटाने पर बांस बल्ली को हटाया गया। इसी तरह सरस्वती कुंज के निकट डिस्पोजल गिलास और पानी पाउच का अवैध कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि अतिक्रमणकारियों के साथ निगम कर्मी सख्ती के साथ पेश आए। प्रतिदिन तोड़ू दस्ता शहर का भ्रमण कर कार्रवाई करे।



### भिलाई-चरौदा निगम ने अवैध चखना सेंटरों पर की कार्रवाई

**भिलाई-चरौदा।** जिला प्रशासन एवं निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार भिलाई-चरौदा निगम दल द्वारा क्षेत्र में विगत दो दिनों से अवैध चखना सेंटर के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस विषय पर बता दे कि निगम के कार्यपालन अभियंता सहित समस्त उप अभियंता एवं निगम की टीम द्वारा जे.सी.बी. और डंपर वाहन की मदद से दादर रोड चरौदा, उमदा रोड भिलाई-03 एवं काली मंदिर रोड चरौदा पर बास बल्ली और तंबू लगाकर अतिक्रमण करने वालो पर कार्यवाही की गयी है। गौरतलब है कि शराब दुकानों के समीप तंबू लगाकर सामग्री विक्रय करने वाली दुकानों जो अवैध रूप से चलाई जा रही थी की संख्या में निरंतर बढोतरी होने कारण निगम द्वारा यह कार्यवाही की गयी है। सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता मुकेश रात्रे, आदि थे।

## सेवानिवृत्त सहायक कमाडेंट से गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई भारत पेट्रोलियम की गैस एजेंसी दिलवाने के नाम पर सीआइएसएफ के सेवानिवृत्त सहायक कमांडेंट सात लाख 54 हजार रुपये की ठगी हुई है आरोपितों ने अलग-अलग प्रक्रिया और एनओसी के नाम पर रुपये लिए थे। रुपये लेने के बाद आरोपित गैस गोदाम के सर्वे के लिए आए भी थे और सर्वे कर जाने के बाद उन्होंने अपना मोबाइल बंद कर दिया इसके बाद पीड़ित ने नेवई थाना में शिकायत की इसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी की है पुलिस ने बताया कि आशीष नगर वेस्ट रिसाली निवासी शिकायतकर्ता निर्मल कुमार टोप्पो सीआइएसएफ में सहायक कमांडेंट थे उन्होंने गैस

एजेंसी खोलने के लिए गूगल पर भारत पेट्रोलियम कंपनी की जानकारी सर्च की थी और अपना मोबाइल नंबर व ई-मेल आइडी अपलोड किया था। इसके बाद उनके नंबर पर किसी अभिनव पाटिल का फोन आया और उसने खुद को भारत पेट्रोलियम कंपनी का कार्यकर्ता बताया था। आरोपित ने गैस एजेंसी खोलने की प्रक्रिया की जानकारी दी और शिकायतकर्ता के खाते पर एक फार्म भेजा। शिकायतकर्ता ने उस फार्म को भरकर 12 जुलाई 2023 को आरोपित के वाट्सएप पर भेज दिया था। साथ में उन्होंने अपने जमीन के दस्तावेज, पैन कार्ड, आधार कार्ड, जातिं प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र भी थे अभिनव पाटिल से बातचीत के दौरान ही कंपनी के अन्य अधिकारी नोडल आफिसर एरिया मैनेजर सुशांत कुमार पाढ़ी और एलपीजी डीलर अभिनव मंडल से भी बात हुई उन आरोपितों ने टेंडर पास होने के बाद डाक्यूमेंट प्रोसेस के लिए 15 हजार 500 एनएफटी के माध्यम से भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम पर एक खाता में मंगवाए इसके बाद आरोपितों ने रजिस्ट्रेशन, सर्टिफिकेट, लाइसेंस, एग्रीमेंट, इंश्योरेंस, एनओसी, सिक्योरिटी डिपाजिट आदि के नाम पर 97 हजार 500, चार लाख 92 हजार 500 और एक लाख 48 हजार 500 रुपये मंगवाए। इस तरह से आरोपितों ने कुल सात लाख 54 हजार रुपये लिए। रुपये लेने के बाद आरोपितों ने शिकायतकर्ता के मेल पर वेरिफिकेशन व सर्वे के लिए एक लेटर भेजा। चार अक्टूबर को कंपनी के सात से 10 व स्टेट से तीन लोग शिकायतकर्ता के घर पर आए। सभी ने गैस गोदाम के लिए एरिया निरीक्षण किया व एनओसी व अन्य दस्तावेज देने की बात कही। आरोपितों ने गोदाम आफिस आदि का सेटअप करने में भी मदद करने की बात कही। सर्वे कर लौटने के बाद जो तीन आरोपित अभिनव पाटिल, सुशांत कुमार पाढ़ी और अभिनव मंडल का फोन बंद बताने लगा ।

## एक नजर

### राजीव युवा मितान क्लब व गौठान समिति भंग करने की मांग



**छुरिया 9 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सोहन साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सरकार बनते ही हम सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ सरकार गठन होते ही पार्टी के वरिष्ठ जनों से चर्चा कर प्रदेश मे कांग्रेस सरकार द्वारा गठित राजीव युवा मितान क्लब व गौठान समिति मे अपने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को बैठाया गया है,जो अनुचित है,इस समिति को तत्काल भंग करने व शासन द्वारा दिए गए राशि की जांच कर कार्यवाही करने की मांग युवा मोर्चा अध्यक्ष ने की है । आगे उन्होंने बताया की खेल कूद के नाम पर भारी वित्तीय अनियमितता की गई है जिसकी जांच करवाएंगे ।

### प्रतिकूल मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से लाभ

**राजनांदगांव 9 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानानुसार कृषकों को फसल उत्पादन में क्षति के अतिरिक्त बुआई नहीं हो पाने, रोपण बाधित होने, मौसम प्रतिकूलताओं के कारण नुकसान, स्थानीय आपदाओं की स्थिति होने पर कृषकों को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। शासन द्वारा योजना के तहत कृषकों की फसल खराब होने पर उन्हें बीमा कवर प्रदान किया जाता है, यानि फसल खराब होने पर बीमा दावा राशि कृषकों को प्रदाय की जाती हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदा से हुए फसल नुकसान पर पीड़ित कृषकों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि कृषकों को नवीन और आधुनिक कृषि पद्धति अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और कृषकों की आय को स्थिर एवं उनकी खेती में निरंतरता सुनिश्चित हो सके। इस योजना के तहत शासन द्वारा कृषकों को फसलों के नुकसान पर अलग-अलग धन राशि प्रदान की जाती है। अंतिम भुगतान हेतु दावा गणना आयुक्त भू-अभिलेख छत्तीसगढ़ द्वारा अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसलों के लिए निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य संख्या में किये गये फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त औसत उपज के आकड़ों के आधार पर की जाती है तथा पात्रता अनुसार दावा राशि बीमा कंपनी द्वारा बैंक के माध्यम से कृषकों के खातों में अंतरित की जाती है।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया

**राजनांदगांव 9 दिसम्बर।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन 7 दिसम्बर 2023 को अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में किया गया। इस अवसर पर जिले के गणमान्य नागरिक, भूतपूर्ण सैनिक व उनके परिवारजन उपस्थित थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस का उद्देश्य देश के बहादुर सैनिकों को सम्मान देना एवं इस दिन विशेष तरह से बने झंडे भेंटकर देश के शहीदों के परिवार के कल्याणार्थ धनराशि एकत्र करना है। यह दिवस युद्ध में दिव्यांग तथा शहीदों के परिवार के पुर्नवास के लिए मनाया जाता है। थल सेना, वायु सेना एवं जल सेना के अनेक जांबाज शूरवीरों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। देश की आजादी से अब तक भारतीय सेना ने विभिन्न युद्धों में अनेकों सैनिकों को खो दिया है तथा बड़ी संख्या में सैनिक स्थाई रूप से दिव्यांग हो गये हैं। यह झंडा दिवस हमें याद दिलाता है कि इन शहीदों के परिवारों, दिव्यांग सैनिक एवं उनके आश्रितों की देखभाल करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 16 दिसम्बर को

**राजनांदगांव 9 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 16 दिसंबर 2023 को पूरे प्रदेश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला न्यायालय राजनांदगांव अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय-खैरागढ़, ड़ोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आलोक कुमार द्वारा लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में न्यायाधीशों, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परक्राम्य लिखत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, सिविल प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों व पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाएगा।

# अवैध चखना दुकानों पर चला बुलडोजर

## 15 दुकानदारों का ढहाया चखना सेंटर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



छुरिया 9 दिसंबर। शराब भट्टी के समीप स्थित चकना दुकानों पर शुक्रवार 4ः00 बजे नगर पंचायत ,राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग के संयुक्त टीम ने 15 दुकानदारों का चकना सेंटर को बुलडोजर से निस्तोनाबूद कर दिया। प्रदेश में भाजपा के बहुमत आते ही प्रशासन हरकत में आ गया है ।

राजस्व विभाग, आबकारी विभाग, नगर पंचायत व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए शराब दुकान के सामने संचालित अवैध चखना सेंटर , चंदेनीडिही के रोड़ के किनारे होटल व चखना दुकान पर बुलडोजर चलाकर 15 दुकानों पर कार्यवाही करते हुऐ उसे ढहा दिया है और चेतावनी भी दी गई है कि यहां पर दुकान नहीं लगाना है वहीं दुकानदारों में इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। प्रभावित दुकानदार अरुण रजक, विजय यादव, कृष्ण यादव ,बल्लू यादव, विमल ठाकुर ,सबदल खान ,अरविंद रजक, लखन सिन्हा,रोहित कुमार ,शीतल ,सोनू खान ,आनंद ने नगरी प्रशासन से बिना कोई सूचना व नोटिस दिए दुकानों तोड़ने से नाराजगी व्यक्त किया और कहा कि हमारे परिवार की रोजी-रोटी इसी चकना दुकान से चल रहा था लेकिन हम अब बेरोजगार हो गए हैं उन्होंने छुरिया में अवैध शराब बिक्री के ऊपर भी कार्यवाही का मांग की है।

शराब दुकान के सामने अवैध चखना सेंटर 4 साल से संचालित हो रहा था विधानसभा चुनाव में राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद प्रशासन का अमला हरकत में आ गया है । शुक्रवार की शाम को एकाएक प्रशासनिक अफसरों ने शराब भट्ठी पहुंचकर अवैध चखना दुकानों पर बुलडोजर चलाते हुए तोड़फोड़ की कार्यवाही की है । शराब भट्ठी के सामने अवैध रूप से लगभग 15 चखना दुकानें हटाई गई है । इस कार्यवाही में नायब तहसीलदार वसीम सिद्धिकी, नगर पंचायत सीएमओ सचिन गुप्ता, टीआई शिव चंद्रा, सब इंस्पेक्टर मेघनाथ सिन्हा सहित पुलिस की टीम, नगर पंचायत के कर्मचारियो एवं आबकारी विभाग के आला अधिकारी मौजूद थे ।

ज्ञात हो कि शराब भट्ठी के समीप अवैध रूप से संचालित चखना दुकानें पीछले दो तीन दिन से नगरी निकाय बंद करा दिया था लेकिन चखना दुकान के संचालकों ने बंद कर तो दी थी लेकिन शराब भट्ठी के सामने स्थित ठेला, खुमचे, झाला झोपड़ी एवं दुकानें नहीं हटाई थी । जिसे शुक्रवार को देर शाम प्रशासनिक अमले ने बुलडोजर चलाकर जमीदोस कर दिया।

> अवैध रूप से संचालित हो रहा है चकना दुकानों के ऊपर कारवाई की गई
>
> **नायब तहसीलदार वसीम सिद्दीकी**
>
> शराब दुकान के आसपास अवैध रूप से संचालित चकना दुकान के मालिक को दुकान बंद करने दो दिन पहले सूचना दी गई थी नहीं हटने पर बुलडोजर से झाला झोपड़ी को हटाने की कार्रवाई की गई है।
>
> **सीएमओ सचिन गुप्ता नगर पंचायत छुरिया**
>
> बहुमत में आते ही सरकार बनाने के पहले भाजपा के नेता दहशत फैलाने का काम शुरू कर चुके हैं। इसके पहले भी जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी तब छुरिया नगर में 70 से अधिक व्यापारियों के दुकान को तोड़ा गया था आज फिर भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलते ही अपने चहेते को आहता चालने स्थान देने के लिए नगर के युवाओं से उनका रोजगार छीनने का प्रयास किया गया है। अगर हटाना ही है तो शराब दुकान को पूर्णतया बंद करना चाहिए।
>
> **राहुल तिवारी प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी राजनंदगांव**

# कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए फील्ड में दिखना चाहिए कार्य: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 9 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अवैध अतिक्रमण, जुआ, सट्टा, चखना दुकान एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फील्ड में कार्य दिखना चाहिए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समन्वित तरीके से सभी अधिकारी कार्य करेंगे। प्रभावी ढंग से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण नियमों का पालन करते हुए हटाए। टीम एक साथ संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन फील्ड में कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रखें। स्कूलों के आस-पास के पान, जर्दा दुकानों, चखना दुकानों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने सभी को जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन की बधाई दी। उन्होंने अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जुआ, सट्टा, यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए तथा अवैध पार्किंग पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोलिंग सघन करने के साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने की जरूरत है। गुंडे, बदमाश एवं ऐसे अपराधी जो पहले से चिन्हांकित है उनके उपर एसडीओपी एवं थाना प्रभारी कड़ी नजर रखेंगे एवं कानून व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधिक गतिविधियां बर्दाश्त नहीं किए जाएगी। कानून व्यवस्था निरंतरता बनी रहनी चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, आयुक्त नगर निगम श्री अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री गिरीश रामटेके, एसडीएम डोंगरगांव श्री अश्वन कुमार पुसाम, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले में अतिक्रमण, जुआ-सट्टा, चखना दुकानों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई



**राजनांदगांव 9 दिसम्बर ।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह के निर्देश पर आज कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध अतिक्रमण, जुआ-सट्टा, चखना दुकान एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में जिले भर में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। एसडीएम श्री अरूण वर्मा ने बताया कि रेवाडीह में तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं नायब तहसीलदार की टीम द्वारा शराब दुकानों में चखना दुकान को हटाया गया। वहीं मोहारा में भी एसडीएम एवं नगर पालिक निगम के अमला द्वारा 56 दुकानों से चखना सेंटर हटाया गया। उन्होंने बताया कि अवैध अतिक्रमण एवं चखना सेंटर हटाने के कारण जनसामान्य में प्रसन्नता है, इससे आवागमन बाधित होता था। कलेक्टोरेट प्रतिबंधित क्षेत्र होने के कारण आसपास के चखना सेंटर हटाए गए, कल भी सतत रूप से कार्रवाई जारी रहेगी। हॉस्पिटल, जिला चिकित्सालय एवं अन्य स्थानों तथा व्यस्ततम मार्गों में अवैध अतिक्रमण एवं चखना दुकानों पर कार्रवाई की जाएगी। डोंगरगढ़ एसडीएम श्री गिरिश रामटेके ने बताया कि ग्राम कठली एवं बेलगांव में चखना दुकान हटाने की कार्रवाई की गई तथा रेलवे स्टेशन के सामने अवैध दुकानों एवं अन्य दुकानों को हटाने के लिए चेतावनी दी गई है। डोंगरगांव एसडीएम श्री अश्वन पुसाम ने बताया कि शराब भट्ठी, मोहड़ चौक एवं अन्य शराब दुकानों के आसपास, छोटे ठेले, गुमटी एवं चखना सेंटर पर कार्रवाई की गई। लगभग 20 कार्रवाई की गई, आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### आभासी न्यायालय में कोई बना जज तो कोई बना अपराधी

**धमतरी 9 दिसंबर।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के विधि संकाय एल एल बी भाग 3 प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा विषय मूटकोट एक्सरसाइज के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अनीता राजपुरिया के निर्देशन एवं विधि संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर दुर्गेश प्रसाद तथा प्रोफेसर.गायत्री लहरे के मार्गदर्शन में मूटकोर्ट आभासी न्यायालय का प्रस्तुतीकरण किया गया 7 प्रथम कलपनिक मामल भारतीय दंड संहिता धारा 302 से सम्बंधित था जिसमें अभियुक्त पर आरोप था कि उसने इस आशय के साथ हत्या की थी जिला एवं सत्र न्यायाधीश बने अतुल सोनकर ने सर्वप्रथम आरोपी पर लगे आरोप को पढ़कर सुनाया और किन्तु आरोपी के ऊपर लगाए गए आपरो को झूठ असत्य एवं निराधार बताया7 तथा विचरण कि मांग कि तत्पश्चात अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता साक्षी साहू, रविंद्र,प्रीतम, गीत राम सिन्हा, गुंजन दूगड़,रेणुका साहू ने आरोपी को दोष सिद्ध ठहरने हेतु साक्ष्य एवं सबूत एवं गवाहों के बयानों को पेश किया वहीं बचाव पक्ष अधिवक्ता दीपिका गिरि गोस्वामी, सुधीर साहू,सतीश सिंह, कुलदीप साहू, चित्रेश वाडे ने आरोपी पर लगाए गए आरोप को झूठा निराधार बताया तथा कहा कि आरोपी को सजिसों में फसाया गया है न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलिलों को देखा एवं सुना तत्पश्चय न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी पर लगे आरपो से दोष मुक्त कर दिया इस वाद में गवाह कि भुमिका शुभम, युगेश धीवर, खिलेश, संतोष, डाकेश्वर साहू, वैशाली, रानु, खुशबू,, सफल शर्मा, आरोपी लोकेश पुलिस सत्यम, थे। वहीं एक दूसरे मामले में जो कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 से संबंधित था जो एक दीवानी प्रकृति का वाद था जिसमें आवेदिका ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के कारण कुटुंब न्यायालय में भरण पोषण का वाद प्रस्तुत किया था इस मामले को परिवार न्यायालय के न्यायाधीश नेहा ढीमर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।



**जगदलपुर 9 दिसंबर। बस्तर विधानसभा से लखेश्वर बघेल के पुनः विजयी होने पर कर्मचारी संघ ने दी बधाई।**

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध की जा रही है कार्रवाई



**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग करें जिस पर जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर आने जाने वालों वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है जिस पर ओपी चिचोला पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 07 प्रकरणों में 07 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। यातायात राजनांदगांव पुलिस द्वारा बिना नंबर/नंबर प्लेट पर कार्यवाही 02 प्रकरण, बिना लायसेंस/मौके पर कागजात पेश न करने वाले के 02 प्रकरण, तीन सवारी के 02 प्रकरण, रिफले क्टर नही लगाने वाले के 2 प्रकरण, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के 03 प्रकरण में 03 व्यक्ति के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। थाना लालबाग पुलिस द्वारा 05 प्रकरण में 05 व्यक्तियो के विरूद्ध कार्यवाही की गई। थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। थाना सोमनी पुलिस द्वारा 12 प्रकरणों में 12 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। थाना छुरिया पुलिस द्वारा 40 प्रकरणों में 40 व्यक्तियों, थाना घुमका पुलिस द्वारा 11 प्रकरणों में 11 व्यक्तियों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यावाही कर कुल 88 प्रकरणों में 88 वाहन चालकों से 9,000/-रूपये समन शुल्क वसूल कर यातायात नियमों का पालने करने हेतु समझाईस दी गई। यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालों के विरूद्ध यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान के संबंध में ली बैठक

**राजनांदगांव 9 दिसम्बर।** आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव द्वारा आज केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों एवं उपलब्धियों को वंचित एवं जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान के संबंध में बैठक ली गई। इस दौरान कलेक्टर श्री डोमन सिंह कलेक्टोरेट सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। संयुक्त सचिव ने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र शासन की योजनाओं को अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने की दिशा में %हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान' चलाया जा रहा है। जिसमें केन्द्र एवं राज्य शासन व्यवस्थित एवं समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। इसी कड़ी में शहरी क्षेत्रों में चलाए जाने वाले अभियान के लिए व्यापक पैमाने पर कार्य किया जाना है। जिसमें मुख्यतः प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, स्टार्टअप योजना, स्टैण्डअप इंडिया, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, प्रधानमंत्री जन-औषधि योजना, अटल मिशन (अमृत योजना), उजाला योजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना, खेलो इंडिया, वंदे भारत ट्रेन एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने योजनाओं से संबंधित अधिकारियों से कहा कि नगरीय निकायों के नोडल अधिकारी केन्द्र शासन की इस योजना को अधिक से अधिक जनसामान्य तक पहुंच के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 2024 तक हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान के तहत केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए यह जरूरी है कि सभी अधिकारी योजनाओं के लिए राशि के आबंटन एवं अन्य बातों की समीक्षा करें। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं अन्य योजनाओं के तहत आबंटित राशि पर ध्यान देते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं फ्लैगशिप योजनाओं के कव्हरेज को बढ़ावा देने एवं हितग्राहियों में जागरूकता लाने के लिए हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्य किए जाएंगे एवं गतिविधियों के साथ कैम्प लगाएं जाएंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को हेल्थ कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिए तथा टीबी टेस्ट, सिकल सेल टेस्ट एवं एनसीडी स्क्रीन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के तहत हितग्राहियों का पंजीयन करने की जरूरत है। महिला एवं बाल विकास विभाग को पोषण अभियान अंतर्गत कार्य तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने, पशु चिकित्सा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में मैत्रीस का मोबिलाईजेसन करने, राजस्व लैण्ड रिकार्ड अंतर्गत ग्राम पंचायतों के 100 प्रतिशत डिजिटल रिकार्ड के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए हेल्थ कैम्प का आयोजन जारी रखना है। स्कूल स्तर पर विकसित भारत संकल्प ग्रहण, स्कूल एवं कालेज स्तर पर विभिन्न राष्ट्रीय महत्वपूर्ण थीम में प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराने के निर्देश दिए। कृषि विभाग अंतर्गत आत्मा, किसान सम्मान निधि, स्वाईल हेल्थ कार्ड एवं अन्य योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा अन्य विभागों को भी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर श्री अमिय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कबीर मठ नादिया में खो-खो कोचिंग कैम्प का आयोजन

**डोंगरगांव 9 दिसंबर।** समीपवर्ती ग्राम कबीर मठ नादिया में छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो एसोसिएशन, जिला एमेच्योर खो खो संघ राजनांदगांव, व समस्त ग्रामवासी ग्राम कबीर मठ नादिया के संयुक्त तत्वावधान में,



छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय, सब जूनियर बालक बालिका, खो खो कोचिंग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।दिनांक02दिसम्बर से10दिसंबर2023तक आयोजित इस राज्य स्तरीय खो खो कोचिंग कैम्प में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित,35बालक व,35बालिकाओं, की भागीदारी सुनिश्चित किया गया है।इन खिलाड़ियों का चयन02दिसम्बर शनिवार को पूरे प्रदेश भर से आये, लगभग300,बालक बालिका, खिलाड़ियों में सेसर्वश्रेष्ठ35बालक व35बालिकाओं का,सलेक्शन किया गया था।जो कि इस कोचिंग कैम्प में भाग ले रहे हैं।खिलाड़ियों को तारासने व खो खो के तकनीकों व बरीको की जानकारी कोच, श्री भुनेश्वर साहू,(दुर्ग)श्री बजरंग बारीक (रायगढ)श्री शेष कोशमा(बालोद) श्री नरेश यादव(रेलवे रायपुर), सीता केवत(नारायणपुर), श्री चंद्रप्रकाश साहू(राजनांदगांव), श्री मुकेश पोडियम फिजियो(रायपुर), श्री विक्रांत शुक्ला टीम क्वाडनेटर के देख रेख में,दिया जा रहा है।यहाँ से चयनित सर्वश्रेष्ठ15बालक व15बालिका खिलाडी छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर खो खो टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए, खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया व कर्नाटक स्टेट खो खो संघ द्वारा आयोजित 33वी सब जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप जो कि13दिसंबर से17दिसम्बर2023तक,तिपतुर जिला,तुंगपुर,कर्नाटक में आयोजित किया जा रहा है उसमें भाग लेंगे।यह टीम10दिसम्बर को राजनांदगांव से तिपतुर कर्नाटक के लिए यशवंत पुर एक्सप्रेस से रवाना होगी।इस कोचिंग कैम्प की सम्पूर्ण व्यवस्था, आवास, भोजन, मैदान, आदि की समस्त ग्राम वासी कबीर मठ नादिया के द्वारा किया जा रहा है, विशेष तौर पर मठ के साहेब जी, सरपंच महोदय जी, राजीव युवा मितान क्लब , समस्त स्कूल स्टॉफ, का,सहयोग अति महत्वपूर्ण हैं।

## 9 व 10 दिसंबर को स्पॉट बुकिंग मेला,हर बुकिंग पर निश्चित उपहार

# रहेजा ग्रुप के प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट रहेजा निर्वाणा-2 को बेहतर रिस्पांस

**रायपुर 9 दिसंबर।** रियल एस्टेट सेक्टर की अग्रणी व विश्वसनीय रहेजा ग्रुप के प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट रहेजा निर्वाणा -2 की लॉन्चिंग 8, 9 व 10 दिसंबर को प्रोजेक्ट साइट कचना में हैं। तीन दिन के स्पाट बुकिंग मेला में हर बुकिंग पर निश्चित उपहार मिलेगा। 23 एकड़ के सर्वसुविधायुक्त इस प्रोजेक्ट में चार अलग-अलग साइज के प्लाट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। शहर के शोर शराबे से हटकर हरियाली व पर्यावरण के अनुकूल इस प्रोजेक्ट में सुकून भरा वातावरण मिलेगा।

रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर श्री दीपक रहेजा व श्री संजय रहेजा ने बताया कि हमने रहेजा निर्वाणा 2021 में लॉन्च किया था और आज 2023 में वह पूरी हो चुकी है,सारे डेवलपमेंट पूर्ण करने के बाद समय से पहले यह प्रोजेक्ट बेहतर सुविधाओं के साथ पूरा हो गया है। लोगों की डिमांड पर ही हम कचना में रहेजा निर्वाणा -2 लॉन्च कर रहे हैं। यह भी प्रीमियम प्लाटिंग प्रोजेक्ट है जिसमें 1000,1200,1500 व 2000 की साइज में प्लाट उपलब्ध होंगे। कुल 23 एकड़ का यह प्रोजेक्ट अपनी सुविधाओं,लेआउट और लोकेशन को देखते हुए काफी पसंद किया जा रहा है। इसकी कनेक्टिविटी मुख्य बाजार,शैक्षणिक संस्थान,हास्पिटल से काफी समीप है।

रहेजा निर्वाणा -2 राजधानी रायपुर के कचना में लोकेटेड एक प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट है जिसमें वो सभी लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध है जो किसी प्रीमियम प्रोजेक्ट में होनी चाहिए। रहेजा निर्वाणा -2 के लॉन्चिंग अवसर पर हर बुकिंग पर निश्चित उपहार प्रदान किया जायेगा। रहेजा निर्वाणा -2 में प्रीमियम प्रोजेक्ट की सभी सुविधाएं जैसे क्लब हाउस, लाइब्रेरी, कैफे, स्वीमिंग पूल, जकूज़ी, जिम, लान टेनिस,स्कैवेश कोर्ट,गार्डन, चिल्ड्रन प्ले एरिया, इनडोर-आउटडोर गेम्स, मंदिर इत्यादि उपलब्ध होंगे।

रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर श्री दीपक रहेजा व श्री संजय रहेजा ने बताया कि रहेजा निर्वाणा -2 , हमारे अब तक के सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की कड़ी में एक और कदम है। काफी तेजी से यहां काम चल रहा है,रायपुर के कचना एरिया में लॉन्च किये जाने वाला यह एक प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट है जिसमें प्रापर्टी बायर्स के लिए उन सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, जिनसे उन्हे वों खुशियाँ, सुकून और शांति मिले जो एक कम्पलीट लाइफस्टाइल के लिए चाहिए। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हम सब इतने व्यस्त हो गए हैं कि हमें सुकून की तलाश है, और हमें यह सुकून अपने घर में ही मिलता है, इसलिए हमने इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस प्लॉटिंग प्रोजेक्ट की प्लानिंग की है।

उन्होंने कहा कि हर परिवार का सपना होता है कि वो एक ऐसी सोसाइटी में रहें जहाँ पूरे परिवार की सुरक्षा, बच्चों के खेलने की जगह, बुजर्गों के मनोरंजन एवं आराम की व्यवस्था के साथ ही स्वच्छता हो। इसके अलावा आज स्वस्थ रहने के प्रदूषणरहित जगह का चयन सबसे पहली प्राथमिकता है। इसलिए लोग अपने लिए रहने की जगह का चुनाव बहुत ही सोच समझ कर करते हैं। पूरी तरह से कव्हर्ड कैम्पस हैं जहां 24 घंटों सुरक्षा रहेगी। उन्होंने बताया कि रहेजा निर्वाणा -2 रेरा, टाउन एंड कंट्री अप्रुव्ड प्रोजेक्ट है। हमें पूरा विश्वास है कि रहेजा ग्रुप के पहले के प्रोजेक्ट्स की तरह ही इस बार भी लोगों का भरपूर समर्थन मिलेगा

राजधानी रायपुर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ मे रहेजा ग्रुप ने रियल एस्टेट सेक्टर में अपने 15 साल के सफर में विश्वसनीय पहचान स्थापित कर चुकी है। 2009 में हमने इस सेक्टर में काम शुरू किया था और अब तक 12 प्रोजेक्ट्स जिनमें आवासीय व कमर्शियल शामिल हैं पूरे कर चुके हैं.सभी वैधानिक प्रोजेक्ट इस ग्रुप ने तय समय पर संपूर्ण सुविधाओं के साथ पूरा करते हुए अपनी गुडविल बनायी है। गुणवत्ता,क्वालिटी,लोकेशन के साथ बेस्ट ले-आउट को रहेजा ग्रुप के बायर्स पसंद करते हैं,और ग्रुप की भी हमेशा यही कोशिश रही जो लोगों की जरूरतें हो वही हम बनायें।

## संपादकीय

# अब वायनाड को लेकर मतभेद आए सामने

राजनीति में दलों के बीच मतभेद सामने आते रहते है। राजनीतिक दलों के कई मुद्दों पर मतभेद होते हैं। यह मतभेद अपने अपने राजनीतिक हित को लेकर रहते हैं क्योंकि कोई विपक्षी दल दूसरे दल के लिए अपने हित छोड़ना नहीं चाहता। वह छोड़े भी क्यों? जब राजनीतिक हित छोड़ने का मतलब राज्य में पाटी को राजनीतिक रूप से नुकसान हो। विपक्षी दलों के बीच अब जो मतभेद आया है वह है राहुल गांधी को कहां से लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहिए। राहुल गांधी ने अगला लोकसभा चुनाव पिछली बार की तरह केरल के वायनाड से लड़ने का ऐलान किया है। इसी के साथ सीपीआई के साथ उसके मतभेद सामने आ गए हैं। सीपीआई को तर्क है कि राहुल गांधी को हिंदी भाषी क्षेत्र के किसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहिए। क्योंकि वह विपक्ष के हिंदी भाषी क्षेत्र के सबसे बड़ी पार्टी के नेता हैं, वहा कांग्रेस की सबसे बड़ी विरोधी पार्टी भाजपा है। उन्हें भाजपा के खिलाफ किसी सीट से चुनाव लड़कर भाजपा को हराना चाहिए। केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ की दलील है कि राहुल गांधी वायनाड में इंडी गठबंधन के एक छोटे से सहयोगी सीपीआई के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्हें लोकसभा चुनाव में सीपीआई को हराने की बजाय भाजपा को हराने के लिए भारत के उत्तर,पश्चिम,मध्य भारत में कहीं से चुनाव लड़ना चाहिए। उन्हें सीपीआई का प्रतिस्पर्थी बनने की जगह भाजपा का प्रतिस्पर्धी बनने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी.राजा का कहना है कि राहुल गांधी पूरे विपक्ष के राष्ट्रीय नेता हैं, उन्हे उसी के अनुरूप ऐसी जगह से चुनाव लड़ना चाहिए जहां से वह राष्ट्रीय नेता के रूप में अपनी अलग पहचान बना सकें।केरल कांग्रेस अध्यक्ष सुधाकरण ने सीपीआई की इस बात का विरोध किया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वायनाड छोटकर दूसरे किसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहिए। उनका कहना है कि वायनड कांग्रेस का किली है। अगर सीपीआई धर्मनिरपेक्ष दलों के बीच प्रतिस्पर्धा से बचना चाहती है तो उसे वायनाड कांग्रेस के लिए छोड़े देना चाहिए और राहुल गांधी का समर्थन करना चाहिए। सीपीआई के लिए यह एक सीट की बात होती तो राहुल गांधी के लिए छोड़ भी देती। राहुल गांधी के वायनाड से लड़ने के कारण पिछली बार कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को केरल की 20 लोकसभा सीट में से 17 में जीत मिली थी। यानी कि राहुल गांधी केरल से चुनाव लड़ते हैं तो सीपीआई को सबसे ज्यादा राजनीतिक रूप से नुकसान हो रहा है। उसकी ताकत लोकसभा में कम हो गई है। जितने भी विपक्षी दल इंडी गठबंधन में है, सब राज्य में भी मजूबत रहना चाहते हैं औक केंद्र में मजबूत स्थिति चाहते है, इसलिए उनका कांग्रेस के साथ अपने राज्य में मतभेद बना रहता है।कांग्रेस के दिग्गज नेता खासकर गांधी परिवार के नेता तो देश की किसी भी सीट से जीतने की ताकत रखते थे लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं रह गई है। राहुल गांधी अपनी परंपरागत सीट अमेठी से एक बार चुनाव हार गए हैं। इसलिए कांग्रेस अमेठी सीट उनके लिए सुरक्षित नहीं मानती है। यही वजह है कि कांग्रेस ने उन्हें सबसे ज्यादा सुरक्षित सीट वायनाड से चुनाव लड़ाया है ताकि वह जीत कर लोकसभा तो पहुंचे। किसी नेता को मजबूत राष्ट्रीय नेता तो तब ही माना जाता है जब देश के किसी भी हिस्से से चुनाव लड़कर जीतने की हैसियत रखता हो। उत्तर भारत में अब कांग्रेस की सत्ता हिमाचल को छोड़कर कहीं बची नहीं है। छत्तीसगढ़ व राजस्थान में चुनाव हारने के बाद अब कांग्रेस की सत्ता कर्नाटक व तेलंगाना में है। दोनों दक्षिण के राज्य हैं। इस तरह कांग्रेस अब हिंदी भाषी राज्यों की पार्टी होने की जगह दक्षिण की पार्टी रह गई है।

**अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस**

डॉ सूयर्कांत मिश्रा

जहां तक मैं समझता हूं पुलिस की कार्यप्रणाली ही इसका सबसे बड़ा कारण है । एक छोटी सी चोरी की शिकायत के लिए पुलिस थानों में पीड़ित परिवार को दिनभर बैठा दिया जाता है ! पुलिस द्वारा हर किंतु- परंतु को पीड़ित से इस तरह पूछा जाता है कि वह यह सोचने पर विवश हो जाता है कि उसने पुलिस थाना आने की गलती क्यों की ? एक कड़वी सच्चाई को बयां करते मुझे कोई झिझक नहीं ! महिला के गले से सोने की चैन छिन जाने के बाद पुलिस द्वारा वजन की हर इकाई को रिपोर्ट में ऐसे दर्ज किया जाता है जैसे मिल जाने के बाद वजन सहित लौटाया जाएगा ।

# पुलिस और स्वास्थ्य महकमा उड़ा रहा मानवाधिकारों की धज्जियां !

प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस मनाये जाने से पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी एक थीम तैयार की जाती है ,जो इस दिवस के उद्देश्यों से परिपूर्ण कही जा सकती है ।इस वर्ष इसकी



थीम ₹ मानवाधिकार संस्कृति को भविष्य में समेकित और कायम रखना ₹ रखी गई है । हमें कुछ भी लिखने अथवा समझने से पूर्व यह जान लेना चाहिए कि हमारे मानवीय समाज की जागरूकता की कमी ही वह कमजोर नस है जिससे मानवाधिकारों का मखौल उड़ता रहा है !प्रत्येक युवा, किशोर , वृद्ध , युवतियां तथा महिलाओं को यह समझ लेना चाहिए कि मानवाधिकार का मकसद आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के साथ ही उन्हें स्वतंत्र और गरिमामय जीवन जीने का अधिकार प्रदान करना है । सवाल यह उठता है कि हमें किन अंशों में इन अधिकारों की प्राप्ति हो पाई है ? 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषणा किए जाने के बाद हम इस वर्ष 76 वें मानवाधिकार दिवस की पायदान पर खड़े हैं इसके तहत हमें कई बड़े अधिकार प्रदान किए गए हैं ।जीने का अधिकार , स्वतंत्रता का अधिकार , शिक्षा का अधिकार , समानता का अधिकार , धर्म की स्वतंत्रता , संघ बनाने का अधिकार तथा सूचना पाने एवं राष्ट्रीयता का अधिकार इसमें शामिल किए गए हैं । इन सब के बावजूद कदम-कदम पर मानवाधिकारों का हनन रोज हमारी नजरों के सामने तांडव करता दिखाई पड़ रहा है ! इसका मुख्य कारण यही है कि हमारा समाज मानवाधिकारों के प्रति जागरूक नहीं है ! मानवाधिकारों के विषय में सबसे कषैला पक्ष यह है कि हमारे मानवीय समाज के बहुत बड़े हिस्से को यह ज्ञात ही नहीं है कि आखिर उन्हें कौन से अधिकार प्राप्त हैं ? जिनका पालन वे सरकारी मशीनरी से दबाव पूर्वक करा सकते हैं ।इस मृत्यु लोक में मनुष्यों के रक्षक के रूप में पुलिस महकमा तैनात किया गया है ।इसी तरह उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी चिकित्सकों को सौंपी गई है । हम गंभीरता पूर्वक विचार करें तो कहीं न कहीं हम इन दोनों जवाबदार विभाग की लापरवाही का शिकार हो रहे हैं ।मानवाधिकार उल्लंघन की सबसे ज्यादा शिकायतें पुलिस महकमें में ही दिखाई पड़ रही हैं ! ऐसा कोई थाना अथवा पुलिस चौकी नहीं जहां मानवाधिकार संरक्षण के नियमों का बोर्ड अथवा पट्टीका न लगी हो । चिंतन की बात यह है कि इनका पालन किस तरह हो रहा है इसे देखने वाला कोई नहीं ! खुद थानेदार और चौकी प्रभारी मानवाधिकारों को चिढ़ाते दिखाई पड़ रहे हैं ! वास्तव में देखा जाए तो इनका पालन धरातल पर शून्य और कागजों पर पुख्ता नजर आता है ! सबसे ददर्नाक पहलू यह है कि पुलिस के खिलाफ मानवाधिकार उल्लंघन की तमाम शिकायतें भेजी जाती हैं । पुलिस द्वारा मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है या नहीं ? इसकी जांच भी पुलिस का मानवाधिकार प्रकोष्ठ ही करता है । यहां ठीक उसी तरह लीपा- पोती कर दी जाती है जैसे एक बाप अपने बेटे के खिलाफ शिकायत को कचरे के डिब्बे में डाल देता है ! स्वास्थ्य- सेवा के क्षेत्र में मानवाधिकारों का हनन क्षण - प्रतिक्षण मंत्री- संत्री से लेकर हर छोटे-बड़े अधिकारी की नजर में आता रहता है । बावजूद इसके उनकी आंखों पर न्याय की पट्टी ना होकर गांधारी के आंखों की पट्टी दिखाई पड़ रही है ! मानवीय सेवा के लिए समर्पित इस क्षेत्र से जुड़े लोग वास्तव में सेवा- संकल्प की गठरी बांध चुके हैं ।वे अब केवल एक बड़े उद्योगपति के रूप में सेवा का चादर ओढ़कर मरीजों का इलाज कर रहे हैं !सरकारी अस्पताल से निजी नर्सिंग होम में मरीजों को यह कहते हुए रेफर करना कि हमारे पास सुविधा नहीं है , कहीं न कहीं सरकार के प्रतिनिधि होते हुए सेवा से हाथ खड़े करने से कम नहीं माना जाना चाहिए ।इस तरह की भूमिका स्वार्थ सिद्धि से जुड़ी नजर आ रही है ।दूसरी बड़ी बात यह है कि सरकारी अस्पताल में किए गए परीक्षण अथवा जांच रिपोर्ट को निजी संस्थाएं पूरी तरह खारिज कर देती हैं ! कमोबेश यही स्थिति एक निजी नर्सिंग होम से दूसरे निजी नर्सिंग होम में शिफ्ट करने पर नजर आती है ।मरीज की पूरी जांच फिर से खुद के नर्सिंग होम में करके उसके बजट पर नकारात्मक प्रभाव डाला जा रहा है ! आर्थिक स्थिति कमजोर होने से मरीज के परिजन अपनी जमीन- जायदाद बेचकर अपनों का जीवन बचाने विवश किये जा रहे हैं ! मानवाधिकारों की जितनी अधिक धज्जियां पुलिस विभाग द्वारा उड़ाई जा रही हैं , उतनी किसी अन्य के द्वारा नहीं ! मेरे पाठक खुद इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं कि एक छोटी सी घटना पर एफआईआर कराने समाज का हर व्यक्ति कतराता है !ऐसे कौन से कारण है , कि हम नुकसान के बाद भी उसकी शिकायत दर्ज करने से बचते हैं ! जहां तक मैं समझता हूं पुलिस की कार्यप्रणाली ही इसका सबसे बड़ा कारण है । एक छोटी सी चोरी की शिकायत के लिए पुलिस थानों में पीड़ित परिवार को दिनभर बैठा दिया जाता है ! पुलिस द्वारा हर किंतु- परंतु को पीड़ित से इस तरह पूछा जाता है कि वह यह सोचने पर विवश हो जाता है कि उसने पुलिस थाना आने की गलती क्यों की ? एक कड़वी सच्चाई को बयां करते मुझे कोई झिझक नहीं ! महिला के गले से सोने की चैन छिन जाने के बाद पुलिस द्वारा वजन की हर इकाई को रिपोर्ट में ऐसे दर्ज किया जाता है जैसे मिल जाने के बाद वजन सहित लौटाया जाएगा । चोर पकड़े जाने के बाद वही चैन टुकड़ों में पुलिस द्वारा जप्ति के रूप में सामने लाई जाती है । बयान भी इस तरह लिखाया अथवा दिलवाया जाता है कि चैन छिने जाने के समय उसका टुकड़ा घटनास्थल पर ही गिर गया था ! ऐसा टुकड़ा कभी किसी को मिल ही नहीं पाता है ! मानवाधिकार हनन पर एक-एक विभाग की बात लिखना शुरू कर दिया जाए तो यह किसी बड़े ग्रंथ का रूप ले सकता है। शासन- प्रशासन द्वारा नियमों का क्रियान्वयन न किए जाने से अधिकारों का हनन खुलकर किया जा रहा है । मानवाधिकारों की निगरानी के लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए । इनका हनन करने वाले अधिकारियों सहित हर शख्स , संस्था , संगठन के खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित होनी चाहिए । मानवाधिकार आयोग के दिशा- निर्देशों का पालन कागजों में न होकर धरातल पर दिखाई पड़े । मानवाधिकारों की रक्षा के लिए मानव अधिकार आयोग को लठ्ठधारी के रूप में सामने आने की जरूरत है ।

## आज का राशिफल

**मेष राशि:** आज किसी दोस्त की मदद करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होंगी, जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता आएगी। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन मिला जुला रहेगा। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा, आर्थिक स्थिति में मजबूती बनी रहेगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको काफी आराम मिलेगा। ल

**वृष राशि** :ऑफिस में कोई भी काम शुरू करने से पहले अपने सीनियर्स की राय जरूर लें ।कई दिनों से परिवार से दूर रह रहे लोग अपने परिवारजनों से मिलने का मौका पाएंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को उनकी मेहनत के अच्छे परिणाम हासिल होंगे। सोशल मीडिया पर आपकी पोस्ट को ज्यादा लोग पसंद करेंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान दें, नहीं तो कोई आपकी बैक बाईटिंग कर सकता है।

**मिथुन राशि** :ग्रोसरी का कारोबार कर रहे लोगों की सेल में वृद्धि होगी। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों को अपना अभ्यास जारी रखना चाहिए। नवविवाहित दंपत्ति आज डिनर पर जायेंगे, जिससे रिश्ते में मजबूती आयेगी। नर्सिंग कर रहे छात्र अपने सीनियर्स की मदद से प्रैक्टिकल पूरा करेंगे। आज आपको ऑयली खाना खाने से बचना चाहिए। लवमेट्स की गलतफहमियां आज दूर होंगी।

**कर्क राशि:**आज दोस्त की सलाह से बिजनेस शुरू करने का मन बनायेंगे। आपके दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बना रहेगा। मोबाइल एक्सेसरीज के कारोबारी अपने बिसनेस को बढ़ाने का विचार करेंगे। डॉक्टर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा, आज सीनियर डॉक्टर की मदद मिलेगी। घर की बेटी को आज बड़ी सफलता हाथ लगेगी, परिवार का माहौल उत्साह से भर जायेगा। स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या से आपको आराम मिलेगा। आज फिजूल खर्चों से बचें।

**सिंह राशि** :प्रॉपर्टी डीलर की आज कोई बड़ी डील फाइनल हो जायेगी। बॉस का दिया टारगेट आज समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपके बॉस दूसरा टारगेट देने का मन बनायेंगे। विद्यार्थी अपने करियर को सही दिशा में ले जाने के लिए बड़ों की सलाह लेंगे। लवमेट्स आज शौपिंग पर जायेंगे, जिससे उनको बहुत खुशी मिलेगी। राजनीति के क्षेत्र में नए लोगों से जुड़ेंगे। अधूरी कार्य योजनाओं को पूरा करने का सही समय है। आज घर के बुजुर्गों की सेहत का खास ख्याल रखने की आवश्यकता है।

**कन्या राशि:** आज के दिन अपने कार्यों पर ध्यान दें, किसी को कहने का मौका न दें। दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बनायेंगे। आज आप किसी कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां आपकी मुलाकात खास रिश्तेदारों से होगी। आपके दांपत्य जीवन में सौहार्द बना रहेगा। पिछले दिनों से स्वास्थ्य में हो रही समस्या को आज अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे। शिक्षक आज छात्रों को टॉपिक समझाने के लिए उत्सुक रहेंगे। लवमेट्स की फोन पर लम्बी बात होगी, जिससे उनके रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

**तुला राशि** : महिलाओं को मार्केट में अपनी पर्स और ज्वेलरी का खास ख्याल रखने की आवश्यकता है। घुटने की दर्द से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। नवविवाहित दंपत्ति अपने रिश्ते की नीव को और मजबूत बनायेंगे। आपके ट्रान्सफर में आ रही रुकावटें आज खत्म हो सकती है, ट्रान्सफर आपकी मनपसंद जगह पर होगा। आज आप दूसरों की हर संभव मदद करने में सक्षम रहेंगे। क्राकरी के कारोबारियों की अच्छी सेल होगी। रोज की अपेक्षा आज ज्यादा मुनाफा होगा।

**वृश्चिक राशि** : आज आप नए बिजनेस को शुरू करने का मन बनायेंगे। आज ऑफिस में सीनियर्स से किसी प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी लेंगे। दांपत्य जीवन में चली आ रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, जीवनसाथी के साथ रिश्ते की नयी शुरूआत करेंगे। विद्यार्थी पिछले दिनों के छूटे काम को पूरा कर लेंगे। पेट से जुडी समस्या से आज काफी हद तक आराम मिलेगा। सोशल मीडिया पर आपके फालोवर्स में इजाफा होगा। आज वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है।

**धनु राशि** : बिजनेस में आज लोगों की राय आपको काम करने का तरीका सिखाएगी। लवमेट्स अपने रिश्ते की एक नयी शुरूआत करेंगे। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। एल. आई. सी. में कार्यरत आज अपने टारगेट को पूरा कर लेंगे। लेखकों की लिखी किताब आज लोगों को पसंद आयेगी ।जीवनसाथी आपसे कोई जरूरी बात शेयर करेंगे, आप उनकी बात को समझेंगे। प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों की मेहनत जल्द अच्छे रंग लाएगी। आज ऑफिस के तर्क वितर्क में पड ? से बचें।

**मकर राशि** : ब्यूटी पार्लर का काम कर रहे लोगों को अपने कस्टमर से अच्छा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति को धार्मिक स्थल पर जाने का मौका मिलेगा। आपके काम के प्रति मेहनत को देखकर बॉस आपका प्रमोशन करने का विचार करेंगे। विद्यार्थी आज किसी टॉपिक को समझने के लिए उत्सुक होंगे। लवमेट्स आज अपनी मनपसंद जगह पर घूमने जायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बना रहेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलाने के योग बने हुए हैं।

**कुंभ राशि** : आज आप किसी जरुरतमंद की मदद करेंगे, जिससे आज पूरा दिन खुश रहेंगे। दांपत्य जीवन में मीठी नोक झोंक होंगी, जीवनसाथी आपको खुश होने की वजह देंगे। लवमेट्स को आज उपहार मिलेगा। कॉस्मेटिक का ऑनलाइन काम का रहे लोगों की अच्छी सेल होगी। शिक्षकों के वेतन में बढ़ोत्तरी होगी। आपके किसी निर्णय में परिवारजन आपका सपोर्ट करेंगे।

**मीन राशि** : वाहन लेने का विचार आज अपने घर से करेंगे। पीएचडी. के छात्रों की मेहनत सफल होगी, तरक्की का मार्ग जल्द मिलेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा। ऑफिस के जरूरी पेपर के सिलसिले में ऑफिस के लोग घर आ सकते हैं। दांपत्य जीवन में आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे परिवार के माहौल में खुशियां आएंगी।

## व्यंग्य

# ऐसे वैसे चाहे जैसे

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



भजनखबरी उपचुनाव में नेताओं के लिए वोट बटोरने का नया धंधा चालू कर रखा है। अंतर केवल इतना है कि यह सब वह घर पर रहकर करता है। इससे पहले बाहर जाओ, धूप में पसीना बहाओ, पोस्टर चिपकाओ, इनकी-उनकी गाली खाओ की फजीहत थी। धन्यभाग्य की ऑनलाइन के चलते उसके माथे में प्रचार-प्रसार के नए विचार ठनके। अब वह घर पर रहकर ही सारी सृजनशीलता दिखा रखा है। मल्टी मीडिया के चलते सोशल मीडिया की सीढ़ी चढ़कर नेता जी को नए-नए आइडिया दे रहा है। बदले में अच्छी-खासी मोटी रकम वसूल रहा है। वह जिस नेता का प्रचार-प्रसार कर रहा था उनका नाम दयाराम था। सिर्फ नाम के दयाराम थे। पुलिस थाने में उनकी दया के किस्से चोर-डकैती, लूटपाट, खूनखराबा के रूप में दर्ज है। इसी दयाराम के ऊपर भजनखबरी ने छोटा-सा गीत लिख डाला झ राम बोलो भाई राम बोलो झ जय जय दयाराम बोलो। प्यार से बोलो भई जोर से बोलो झ जय जय दयाराम बोलो। फूटा अंडा निशान है बोलो झ जय जय दयाराम बोलो। चुनाव में यही बटन दबा दो झ जय जय दयाराम बोलो।




गीत सुनने के बाद दयाराम जी को लगा कि आरंभ की लाइनें शवयात्रा जैसी हैं। इस पर भजनखबरी ने स्पष्टीकरण देते हुए उवाचा झ नेता जी आजकल लोग बड़े बदल गए हैं। वे पारंपरिक पद्धति के गीत नहीं सुन रहे हैं। उन्हें एकदम हटकर सुनना पसंद आता है। चूँकि गीत की आरंभिक पंक्तियाँ शवयात्रा सी लग रही है इसलिए यह गीत उन्हें बहुत पसंद आयेगा। यह सुन नेता जी बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने कुछ नारे बना लाने के लिए कहा। नारे बनाने के चक्कर में भजनखबरी को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। देखते-देखते यह काम भी कर डाला। पहला नारा बना झ वोट नहीं तो दया नहीं झ आप पर राम की कृपा नहीं। दूसरा नारा बना - वोट दिया तो पुण्य मिलेगा, नहीं तो तुमको पाप लगेगा। तीसरा नारा बना झ दया है तो मुमकिन है झ राम के चलते रात और दिन है। इस तरह कई नारे बना डाले। नारे सुन दयाराम को खुद पर हँसी आ रही थी। उन्हें लगा पैसा अच्छे को बुरा और बुरे को अच्छा बना देता है। पैसा न हो तो सगा बेटा भी बाप की अच्छाई नहीं बताता। वरना जीवन भर जन्म देने के लिए उसे कोसता रहता है। दयाराम को नारे इतने अच्छे लगे कि हाथों हाथ उन्होंने भी कई नारे बना डाले झ आएगा भई आएगा झ दयाराम आएगा। लाएगा भई लाएगा खुशहाली लाएगा। इधर उधर जिधर देखो झ दयाराम की कृपा देखो। नारे इतने पॉवरफुल थे कि भजखबरी को अपनी दुकान बंद होती नजर आयी। तुरंत उसने नेता जी को रोका। कहा - आप भी कमाल करते हैं। आपका काम हड़कंप मचाना है, लोगों को दहलाना है, अपना खौफ जमाना है। न कि नारे बनाने जैसा चिल्लर काम करना है। शेर अगर घांस की ओर ताकेगा तो बाकी जानवर उस पर चढ़ बैठेंगे। यह सुन दयाराम नारा बनाने के काम से हायतौबा कर ली। भजनखबरी ने उन्हें सुझाव देते हुए उवाचा कि आप अपना एक निजी चुनावी एजेंडा बना लीजिए। ऐसे-ऐसे वायदे कीजिए कि लोग सुनकर दंग रह जाएँ। वो जब तक कुछ सोचे समझेंगे तब तक चुनाव बीत चुका होगा और आप गद्दी पर पैर पे पैर धरकर शासन करते हुए नजर आयेंगे। आप उन्हें सपना दिखाइए कि समुद्र का पानी फिल्टर कर उन्हें पीने के लिए दिया जाएगा। रेती से सोना निकालने का व्यापार सिखाया जाएगा। शिक्षा के नाम पर सब लोगों के शरीर में शिक्षा का चिप फिट करवाया जाएगा, तब देखिए लोग आपको वोट दिए बिना नहीं रह पायेंगे। आप अपने जन्मदिवस को दया दिवस के रूप में घोषित कर दें। केवल ध्यान इस बात का रखना है कि जन्मदिवस के दिन छोड़ फिर किसी दिन दया दिखाने की आवश्यकता नहीं है। यही लोगों के लिए सच्चे अर्थों में दया दिवस होगा। यदि आप मेरी बातों का पालन करेंगे तो आप भगवान श्रीराम से भी ज्यादा नाम कमायेंगे। भजनखबरी और भी कुछ कहना चाहता था कि तभी दयाराम के फोन की घंटी बज उठी। पता चला कि उनका टिकट कट गया है और टिकट उनके प्रतिद्वंद्वी गयाराम को दे दिया गया है। यह खबर सुनते ही ऊपर बताए गीत और नारों के साथ भजनखबरी गयाराम की बगल में जा बैठा। इसके लिए उसने केवल एक काम किया झ दया की जगह गया लिखकर गीत और नारों की पुरानी शराब को नयी बोतल यानी गयाराम में भर दिया। उसका तो एक ही चुनावी फामुर्ला था - ऐसे वैसे चाहे जैसे... सिर्फ कमाना है पैसे।

## राजनीति

मनोज कुमार अग्रवाल

# जन सरोकार से कब जुड़ेगा विपक्ष?

देश के विपक्षी दल सत्ता के लिए सब कुछ करने को तैयार है लेकिन जन सरोकार से जुडने के लिए तैयार नहीं है उनकी तमाम साधना सत्ता हासिल करने के लिए है बस यही कारण है कि सत्ता उन्हें मिलना टेड़ी खीर हो गया है। सिर्फ.सत्ता के लिए काम करने का ही नतीजा है कि सत्ता उनकी परछाई से भी दूर भाग रही है और विपक्ष तमाम कोशिशों के बावजूद दिन पर दिन अपनी ताकत घटा रहा है। हाल के चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम के बाद उपजी हताशा में विपक्षी दलों के कुछ बयानवीर जिस तरह के असंसदीय भाषा में बयान दे रहे हैं उससे सिर्फ उनकी हताशा साफ नजर आ रही है बल्कि विपक्ष की राह को भविष्य के लिए और भी मुश्किल होना तय माना जा रहा है। कहते हैं कि तेरे अहमाल काफी है तेरे जनाजे के लिए, यही बात विपक्षी दलों के इन बयान वीर नेताओं के क्रियाकलापों पर बयानों पर सटीक बैठ रही है। यह जितना अधिक गंदे अल्फाजों का इस्तेमाल कर रहे हैं उतना ही इस देश के जनमानस को उद्वेलित कर रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी के दक्षिणपंथी ध्रुवीकरण के विचार के लिए मददगार साबित हो रहे हैं।

राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद विपक्षी दलों में सिरफुटौवल होगी, यह आशंका पहले से थी। अब वह प्रत्यक्ष भी नजर आने लगी है। भारतीय जनता पार्टी की हर जीत पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को दोषी ठहराने वाले दल इस बार कांग्रेस की हार पर ईवीएम को लेकर कुछ नहीं बोल रहे थे लेकिन दिग्गी राजा ने चुप्पी तोड़ी और ईवीएम पर बरसना शुरू कर दिया । विपक्षी कुनबे इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के प्रमुख भागीदारों में शामिल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तो हालांकि यहां तक कह दिया कि लोकतंत्र में यह सब तो होता ही रहता है। अर्थात इस बार उन्हें भी ईवीएम में गड़बड़ी नजर नहीं आई ।लेकिन दिग्विजय सिंह सारा दोष ईवीएम पर मढ रहे हैं। उधर तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने 6 दिसंबर को प्रस्तावित विपक्षी कुनबे की बैठक के बारे में जानकारी होने से ही इनकार कर दिया। इस गठबंधन के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगाने वाले जनता दल यूनाइटेड के मुखिया एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनाव परिणाम को लेकर चुप्पी ही धसो रखी। कहने की आवश्यकता नहीं है कि विपक्षी गठबंधन के अधिकांश बड़े नेता कांग्रेस से कन्नी काट रहे हैं और इसी कारण 6 दिसंबर को प्रस्तावित बैठक रद्द करनी पड़ गई। अब यह बैठक दिसंबर के तीसरे सप्ताह में रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

तृणमूल कांग्रेस ने नाराजगी जताई कि गठबंधन की बैठक के बारे में समय रहते उसे सूचित नहीं किया गया, इसी कारण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल में अपने कार्यक्रम रख लिए। इसके प्रत्युत्तर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अधीर रंजन चौधरी नाराज हो उठे। उन्होंने कहा कि तृणमूल ने इन चुनावों में भाजपा को हराने के लिए लोगों से विपक्षी दलों को वोट देने की अपील तक नहीं की। इन सभी आरोप-प्रत्यारोप के बीच शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आग पर पानी डालने का प्रयास किया कि इंडिया गठबंधन में सभी साथ है, हम मुद्दों को देखेंगे और ठीक करने की कोशिश करेंगे।

क्या इस फूट के लिए कांग्रेस की हार जिम्मेदार है? कुछ हद तक ऐसा हो सकता है, किन्तु यह पूर्ण सत्य नहीं है। वास्तव में ये सभी दल केवल इसलिए साथ आए हैं क्योंकि वे सब मिलकर किसी तरह भाजपा को केंद्र की सत्ता से बाहर करना चाहते हैं। यही उनकी सहमति का एकमात्र सूत्र वाक्य है। इसके अलावा न आपस में उनकी नीतियां मिलती हैं और न ही विचार। उदाहरण के तौर पर विपक्षी कुनबे में कांग्रेस ने वामपंथी दलों को भी शामिल किया हुआ है, जबकि केरल में वे एक-दूसरे के धुर विधी हैं। शिवसेना (उद्धव ) का अस्तित्व ही हिन्दुत्ववादी राजनीति पर टिका है, किन्तु वह भी अपने आदर्शों को तिलांजलि देकर उन दलों के साथ जा मिली, जिन पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाती रही । इस बेमेल गठबंधन पर वास्तव में कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा वाली कहावत सटीक बैठती है।




भाजपा का इतिहास रहा है कि वह जहां एक बार सत्ता में आ जाती है। उसे वहां से हटाना इतना आसान नहीं होता। सिर्फ. राजस्थान इसका अपवाद है, जहां हर चुनाव में सत्ता बदल जाती है। विपक्षी दल यह समझ ही नहीं पा रहे कि भाजपा ऐसा करती क्या है, जिसके कारण वह गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्यों में तीन-तीन, चार-चार बार से सत्ता में है। भाजपा को हराना है तो केवल उसे कोसने से या मोदी को गाली देने से कुछ नहीं होने वाला, उसके लिए उसकी नीति समझनी होगी, उसकी तरह जमीन पर जाकर काम करना होगा। भाजपा की जीत पर विपक्षी कुनबे इंडिया के सहयोगी दल द्रमुक के एक सांसद ने हिन्दी राज्यों को 'गोमूत्र राज्य' कह डाला। इससे पहले द्रमुक के ही नेता ने 'सनातन के विनाश' की अपील की थी। ऐसे दलों को साथ लेकर कांग्रेस हिन्दू वोट मिलने की उम्मीद पाल रही तो इससे भाजपा की राह आसान ही होगी। अब 'गोमूत्र राज्यों' व 'सनातनी लोगों' के वोट स्वतः भाजपा को चले जाएंगे। समझ नहीं आता कि यह विपक्षी दलों का गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए बना है या यह सुनिश्चित करने के लिए कि भाजपा को पिछली बार से भी अधिक वोट मिलें? यह चिंतन स्वयं इंडिया को करना चाहिए।

जब तक विपक्ष की सोच नहीं बदलेगी तब तक उनके राह के कांटें खत्म होने वाले नहीं हैं। इंडिया के नाम पर बिछाई गई बिसात नाकाम हो चुकी है आम चुनाव सिर पर है अब इतना जल्दी इनकी हालत और हालात में सुधार नहीं हो सकता है क्योंकि राजनीति में सिर्फ सत्ता साध्य मान लेने से काम नहीं चलता पहले जन पीड़ा को समझना होता है और उस के लिए आंदोलित माहौल बनाना होता है तब सत्ता से पीडित लोग दलों के आंदोलन या विचार से जुड़ते हैं और परिवर्तन की शुरूआत होती है लेकिन यहाँ सब मामला गडबड है। सारे विपक्षी दल कांग्रेस के उस राजकुमार के साथ खडे होकर अपने भविष्य की आधारशिला रखना चाहते हैं जिसे देश की जमीनी स्तर का सामान्य ज्ञान भी नहीं है जो सिर्फ अधकचरा किताबी ज्ञान पढ़ कर शेखी बगारता है और अपने कारनामों से विपक्ष की राह को और अधिक मुश्किल बना रहा है। हार की पीडा से उपजी हताशा अब गौमूत्र वाले राज्य जैसे बयानों से सामने आ रही है और विनाशकाले विपरीत बुद्धि की उक्ति को दोहरा रही है। ईश्वर इन को सद्बुद्धि प्रदान करें।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में मृत्यु के दो मामलों में आश्रितों को सहायता स्वीकृत

**कांकेर, 9 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर द्वारा सड़क दुर्घटना के दो मामलों में मृतक के आश्रितों को कुल 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अघननगर कांकेर निवासी श्री गैंदलाल पटेल की मृत्यु सड़क हादसे में हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती सावित्री बाई पटेल एवं कोण्डागांव जिले के ग्राम पिटेचुआ निवासी श्री सुरेश कुमार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके पिता श्री जयसिंह नेताम को 25-25 हजार रूपये की सहायता राशि सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण मद से स्वीकृत की गई है।

### परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र धरमपुरा में 17 दिसम्बर को नवीन सत्र की प्राक्रयन परीक्षा

**जगदलपुर 9 दिसंबर।** राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण कर चुके (छत्तीसगढ़ के मूल निवासी एवं परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम) अभ्यर्थियों के लिए युवा उत्थान योजना के अन्तर्गत आयोजित सत्र 2023-24 में जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश लेकर एसएससी,रेल्वे,व्यापम, बैंकिंग के परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में 15 दिसम्बर 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में 1000 रुपये शिष्यवृत्ति के साथ हॉस्टल, लाइब्रेरी, सामाचार, पत्र-पत्रिकाएँ आदि निःशुल्क सुविधाएँ उपलब्ध कराई जावेगी। प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की होगी।

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जगदलपुर में कुल स्वीकृत सीट 100 है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर और प्राक्कयन परीक्षा की संभावित तिथि 17 दिसम्बर है। परीक्षा परिणाम घोषित करने की संभावित तिथि 19 दिसम्बर तथा काउंसलिंग एवं दस्तावेज परीक्षण की संभावित तिथि 26 से 28 दिसम्बर 2023 है। प्रशिक्षण सत्र 30 दिसम्बर 2023 से शुरू होगी। प्राक्कयन परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रपरीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र धरमपुरा जगदलपुर निर्धारित किया गया है।आवेदन पत्र परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र धरमपुरा जगदलपुर के नाम पर जिले में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास,कलेक्टोरेट कार्यालय जगदलपुर या संस्था के ईमेल आईडी श्चह्लष्स्र्द्धड्डह्य्ड्डद्वश्चह्व-ह्ड्ड्रद्गस्त्रश्चञ्चद्दद्वड्डद्बद्य.ष्श्वद्व में स्कैन कर अंतिम तिथि तक जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसाईट ह्लह्द्बड्ड-ड्डद्य.ष्द्द.द्दश्1.द्बठ्ठ से युवा उत्थान योजनान्तर्गत विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन कर एवं निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं।

### मतगणना में ड्यूटी करने वाली महिला कर्मचारियों को कलेक्टर ने दिया प्रशस्ति-पत्र

**कांकेर, 9 दिसम्बर।** 'दुनिया का ऐसा कोई काम नहीं है, जिसे महिलाएं नहीं कर सकतीं। किसी भी चुनौती का सामना करना नामुमकिन नहीं होता, अगर हम पूरी ईमानदारी, भरपूर मेहनत और लगन से करने को तत्पर हैं। सफलता एक न एक दिन अवश्य मिलेगी क्योंकि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।'' उक्त बातें कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज सुबह विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतगणना का कार्य सफलतापूर्वक निष्पादित करने वाली सभी महिलाओं से कहते हुए आभार प्रकट किया।जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज सुबह 11.30 बजे आयोजित सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने उपस्थित सभी महिला कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुसीबतें एवं परेशानियां सबके जीवन में आती हैं, लेकिन एक साथ अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए उनसे डंटकर हंसते-मुस्कुराते हुए सामना करने का हुनर महिलाओं में ही होता है। उन्होंने आगे कहा कि जिस लगन और परिश्रम के साथ मतगणना जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को सभी महिलाओं ने संजीदगी से निभाया, वह सराहनीय है। वे किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं और भविष्य में मिलने वाली सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करने में सक्षम हैं।

इस दौरान कलेक्टर ने मतगणना में संलग्न सभी गणना कर्मचारियों, गणना सहायकों, सहायक प्रेक्षकों तथा ईव्हीएम परिवहन करने वाली चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

# नव निर्वाचित विधायक से टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की भेंट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन दंतेवाड़ा के द्वारा जिला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला शैनी रविन्द्र के नेतृत्व में दंतेवाड़ा नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से उनके निज निवास गीदम में संगठन पदाधिकारियों द्वारा सौजन्य भेट कर गुलदस्ता भेट कर बधाई शुभकामनाएं दिया गया प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया,सूर्यकान्त सिन्हा जिला सचिव नोहर साहू ने बताया कि संगठन की परम्परा रही है कि हम नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से लगातार भेट ज्ञापन के माध्यम से अपनी बातों को रख सरकार तक पहुचाने का प्रयास करते है वर्तमान में आ रही समस्यावो व उनके समाधान पर चर्चा परिचर्चा की जाती है इसी क्रम में यह सौजन्य भेंट थी जिसमे शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित रहे पदाधिकारियों ने विधायक से जिला स्तर पर गीदम आडिटोरियम में समस्यावो के निवारण हेतु शिविर आयोजित करने पर अपनी बातों को रखा क्योकि समस्यावो के समाधान हेतु बहुत समय से शिविर आयोजित नही हुए है कई सारे छोटी छोटी समस्यावो से आये दिन कार्यालयों के चक्कर लगाने होते है जिस पर विधायक महोदय ने अपनी सहमति जताई है विधायक से भेंट के दौरान जी. आर. नाग,पोरस बिंझेकर, अमित देवनाथ,विनोद शर्मा,कोकिला ठाकुर, विजय साहू,ओपी कैवर्त, खोमेंद्र देवांगन, नागेश जायसवाल, उषा देवांगन,रमा कर्मा,साजिद भारती,फुलेश्वरी शोरी, कविता भोगामी।

## सर्व गुप्ता समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित विधायक चैतराम अटामी को पुष्पगुच्छ भेंट कर दी बधाई



**गीदम, 9 दिसम्बर।** दन्तेवाडा विधानसभा क्षेत्र में अब तक सबसे ज्यादा मतों से विजयी हासिल करने वाले भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक चैतराम अटामी को सर्व गुप्ता समाज के लोगो ने शुक्रवार शाम उनके गीदम स्थित निवास परिसर में पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाईया व शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक चैतराम ने विजय श्री होने पर दन्तेवाड़ा की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह इस दायित्व का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे , जनता की हर समस्याओं को वह प्रमुखता से उठाएंगे। विधायक चैतराम अटामी को पुष्पगुच्छ भेंट करने के दौरान सर्व गुप्ता समाज इकाई गीदम के अध्यक्ष सन्तोष गुप्ता , उपाध्यक्ष राजा गुप्ता , अवधेश शिवहरे , दीपक जायसवाल , महासचिव शैलेंद्र गुप्ता , महामंत्री रामकिशोर गुप्ता , मंत्री अंकित गुप्ता , संरक्षक शिव कुमार गुप्ता , सुनील गुप्ता , राजा गुप्ता , विनय गुप्ता , मनीष गुप्ता , मनोज गुप्ता , प्रमोद गुप्ता , प्रकाश गुप्ता , अरुण गुप्ता , अमित गुप्ता , विजय गुप्ता , कल्लू गुप्ता , मुन्ना गुप्ता समेत समाज के अन्य वरिष्ठ एव युवा मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने लिया धान उपार्जन केन्द्रों का जायजा



**धमतरी 9 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री ऋ्ह्युराज रघुवंशी आज धमतरी के संबलपुर और कुरूद विकासखंड के भाठागांव धान खरीदी केंद्रों का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से जिले के धान उपार्जन केंद्रों में की जा रही अब तक कुल धान खरीदी एवं उठाव, धान के सुरक्षित रख रखाव, बारदाने की उपलब्धता, किसानों का पंजीयन आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। उन्होने उपार्जन केन्द्रों में खरीदी पश्चात रखे गए शेष धान को बेमौसम बारिश से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर और पानी के निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, जिला खाद्य अधिकारी श्री बसंत कोर्राम, जिला विपणन अधिकारी श्री एस.मिश्रा के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपिस्थित थे। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले के 1 लाख 24 हजार 406 किसानों में से अब तक 41 हजार 160 किसानों से 15 लाख 42 हजार 358 क्विंटल धान बेचा है, जिसकी राशि 337 करोड़ 88 लाख 14 हजार 340 रूपये हैं।

### जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचेगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ

**धमतरी, 9 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री ऋ्ह्युराज रघुवंशी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित कर केन्द्र शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा। वहीं विविध कार्यक्रम आयोजित कर इन जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ ग्राम पंचायतों में पहुंचकर केंद्र की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने बताया कि केन्द्र की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए केंद्र सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ तैयार किया गया है। यह रथ जिले में आगामी 26 जनवरी 2024 तक गांव-गांव में जाकर केंद्र की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा। योजनाओं के लाभार्थी उसकी कहानी, उसकी जुबानी के माध्यम से इन योजनाओं के बारे में बताएंगे। वहीं इस रथ के भ्रमण के दौरान गांव-गांव में केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने के लिए जोड़ा जाएगा। इसके लिए अधिकारी ग्राम सभाओं का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करेंगें। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिले में रूट-चार्ट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली





**कांकेर, 9 दिसंबर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के प्रबंधन स्टाफ एवं सभी विभाग के चिकित्सकों से चर्चा कर वहां मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने स्टोर रूम में सभी आवश्यक दवाइयों एवं मेडिकल किट की उपलब्धता की जानकारी ली और कहा कि आपात स्थिति के समय आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहे, अस्पताल प्रबंधन यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करे।

कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय के कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के सभी स्टाफ से कहा कि सभी का उद्देश्य मरीजों का हृदय से सेवा करना होना चाहिए, इसलिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी लगन व जिम्मेदारीपूर्वक करें। उन्होंने जिला चिकित्सालय एवं डीएमई के स्टाफ से परस्पर समन्वय के साथ कार्य करते हुए चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी चिकित्सकों से अपने-अपने वार्डों का नियमित रूप से सुबह एवं शाम राउण्ड पर जाकर मरीजों के स्वास्थ्य से अवगत होने के लिए भी कहा। बैठक में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट श्री विमल भगत, डीन श्री एम.एल गर्ग, चिकित्सकगण एवं सभी स्टाफ उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### थाना पोलमपल्ली क्षेत्र में सक्रिय 1 ईनामी नक्सली को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सुकमा, 9 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) श्री कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, श्री अरविन्द राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ, रेंज सुकमा के मार्ग-दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, श्री हिमांशु पाण्डेय, कमाण्डेन्ट 74 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री निशांत वैष्णव, द्वितीय कमान अधिकारी 74 वाहिनी सीआरपीएफ के निर्देशन तथा श्री प्रभात कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्स.ऑप्स सुकमा, श्री निशांत पाठक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दोरनापाल के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाये जा रहे है इसी तारतम्य में दिनांक 07.12.2023 को थाना पोलमपल्ली से सहायक कमाण्डेन्ट श्री प्रयास मलिक व निरीक्षक श्री सुनील शर्मा के हमराह 74 वाहिनी सीआरपीएफ का बल एवं निरीक्षक श्री अनमोल खलखो थाना प्रभारी पोलमपल्ली के हमराह जिला बल एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन हेतु ग्राम आतुलपारा, कंठीपारा, अरलमपल्ली जंगल की ओर रवाना हुये थे कि अभियान के दौरान कंठीपारा-अरलमपल्ली के मध्य जंगल पास 01 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुये देखकर भागने/छिपने लगे जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़ा गया संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम माड़वी हड़मा उर्फ टेन्टेम पिता स्व. माड़वी बुधू उम्र लगभग 48 वर्ष साकिन अरलमपल्ली थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा का होना तथा प्रतिबंधित नक्सल संगठन में अरलमपल्ली आरपीसी अन्तर्गत जनताना सरकार अध्यक्ष के पद पर कार्य करना बताया। जिसे थाना लाकर नक्सल रिकार्ड चेक करने पर माड़वी हड़मा उर्फ टेंटेम के विरूद्ध थाना पोलमपल्ली में 12 प्रकरण एवं थाना दोरनापाल में 03 संगीन प्रकरण पूर्व से पंजीबद्ध है। आरोपी माड़वी हड़मा उर्फ टेन्टेम की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सुकमा द्वारा पूर्व से 5,000/-(पांच।

### सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन पर है नजर

**जगदलपुर 9 दिसंबर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन सीजन 2023-24 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देश पर जिले में धान खरीदी के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित धान खरीदी की निरंतर जांच की जा रही है। जिले के सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिसके फलस्वरूप जांच दलों द्वारा विगत रात्रि उड़ीसा राज्य की सीमा में तीन मालवाहक वाहनों से करीब 340 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। उक्त जब्त धान सहित वाहनों को नगरनार पुलिस थाने में सुपुर्द कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।जांच दल के प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार श्री लखीराम पाण्डे ने इस बारे में बताया कि कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. निर्देशासनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जगदलपुर श्री नन्द चैबे के मार्गदर्शन में गठित जांच दल द्वारा 07 दिसम्बर की रात्रि में उड़ीसा राज्य के सीमा पर निगरानी रखकर सघन जांच करने के दौरान चैकावाड़ा-माचकोट रोड रेल्वे क्रासिंग में अशोक लिलेंड मालवाहक वाहन क्रमांक सीजी-केआर 1751 से 40 बोरी अवैध धान बस्तर जिले में परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसी तरह धनपूंजी जांच नाके में दो टाटा 709 मालवाहक वाहन क्रमांक ओडी 10-0158 तथा ओडी 10 पी-6937 से डेढ़-डेढ़ सौ बोरी कुल 300 बोरी अवैध धान का बस्तर जिले में परिवहन करते हुए पकड़ा गया। उक्त जब्त सभी धान और वाहनों को नगरनार पुलिस थाने के सुपुर्द कर एफआईआर दर्ज कराया गया है और मंडी सचिव द्वारा मंडी अधिनियम के तहत सम्बन्धितों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही के लिए कलेक्टर श्री विजय ने जांच दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना करते हुए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सघन जांच किये जाने की दिशा में उत्साहवर्धन किए हैं।



### कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

**जगदलपुर 9 दिसंबर।** जिले में धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की स्थिति का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.ने बस्तर अनुभाग के सरगीपाल, राजनगर, मूली, मंगनार, सोनारपाल और देवड़ा धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया।कलेक्टर ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता के साथ नियमानुसार खरीदी करना सुनिश्चित करें। धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लापरवाही करने वाले लैंप्स प्रबंधकों और खरीदी प्रभारी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने बारदाना की उचित प्रबंधन नहीं करने के कारण मूली, सोनारपाल उपार्जन केंद्र के समिति प्रबंधक को निलंबित करने के निर्देश दिए साथ ही मूली, सोनारपाल और देवड़ा उपार्जन केंद्र के खरीदी प्रभारी और बारदाना प्रभारी को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने लैंप्स प्रबंधकों को नियमानुसार खरीदी करने और छोटे व सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने कहा। दो दिन से हो रही बारिश की वजह से उपार्जन केंद्रों में नमी स्थलों को मुरम एवं डस्ट से समतलीकरण कर खरीदी कार्य को सुचारू संचालित करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक लेकर प्रगति की समीक्षा की

**कांकेर, 9 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत आगामी बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के बोर्ड परीक्षाओं में जिले के विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर 12.30 बजे से आहूत बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्डवार एवं विषयवार समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यार्थियों की शिक्षा का स्तर ऐसा हो कि बोर्ड परीक्षाओं के अलावा आगे की तकनीकी व प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी उन्हें सक्षम बनाया जा सके, जिससे अधिक से अधिक छात्राओं का चयन हो। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि गणित, अंग्रेजी जैसे विषयों में विद्यार्थियों की पकड़ कमजोर है, ऐसे विषय में दक्ष बनाने हेतु अतिरिक्त विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था की जाए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसई) के तहत् जिले के 4402 विद्यार्थियों का पंजीयन पंजीयन कराया गया है, इसमें विकासखण्ड अंतागढ़ में 333, भानुप्रतापपुर में 643, चारामा में 922, दुर्गूकोंदल में 525, कांकेर में 670, कोयलीबेड़ा में 631 तथा नरहरपुर विकासखण्ड में 678 विद्यार्थियों का पंजीयन कर उन्हें विषय विशेषज्ञों के द्वारा सतत् प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी तरह जेईई और नीट परीक्षाओं के लिए जिले के कुल 332 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया है, जिनमें अंतागढ़ ब्लॉक के 44, भानुप्रतापपुर के 49, चारामा के 62, दुर्गूकोंदल के 22, कांकेर के 71, कोयलीबेड़ा के 42 और नरहरपुर विकासखण्ड के 42 विद्यार्थियों का ने फॉर्म भरा है। इसके अलावा जिले के सभी सातों विकासखण्ड के 8523 विद्यार्थियों का पंजीयन जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए किया गया है। त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सी एवं डी ग्रेड प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों की प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों से माह दिसम्बर 2023 में ही कराने निर्देशित किया गया है, ए एवं बी ग्रेड वाले विद्यालयों का पुनः परीक्षण करने के निर्देश दिये गये है कलेक्टर डॉ0 प्रियंका शुक्ला के द्वारा शाला त्यागी एवं लगातार अनुपस्थित बच्चों के सर्वे व अनुरोध कार्यक्रम के तहत ऐसे शाला त्यागी एवं लगातार अनुपस्थित बच्चों को शाला लाने हेतु विशेष प्रयास लाने तथा परिणाम मूलक कार्य करने के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर कांकेर द्वारा सी एवं डी ग्रेड प्राप्त छात्रों तथा अनुत्तीर्ण छात्रों की विषयवार व विकासखंडवार समीक्षा की गई। अनुत्तीर्ण छात्रों एवं परीक्षा में अनुपस्थित छात्रों पर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई है अर्धवार्षिक परीक्षा के पश्चात प्राचार्यों की अविलम्ब बैठक करने के निर्देश दिये गये है। कमजोर परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं वहां के विषयगत शिक्षक व कमजोर परीक्षा परिणाम देने वाले व्याख्याताओं की बैठक करने के निर्देश दिये गये है। बैठक में कलेक्टर ने अच्छे एवं कम अच्छे बच्चों का चिन्हांकन पर समीक्षा करते उनकी नियमित कक्षाओं का संचालन कर कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों में उपचारात्मक शिक्षा लागू करने, रविवार एवं अवकाश दिवसों में उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से। उन्होंने विकासखंड शिक्षा नोडल अधिकारियों के कार्यों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही विकासखंड कोयलीबेड़ा शिक्षा नोडल वैभव मेश्राम के द्वारा आवश्यक जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अंतागढ़, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के नतीजों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कोयलीबेड़ा, नरहरपुर, कांकेर को और अधिक प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार विद्यालयों में चल रहे भवन निर्माण के कार्यों में तेजी लाने और लगातार स्थल निरीक्षण करते हुए गुणवतापूर्ण कार्य कराने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ सुमीत अग्रवाल, प्रभारी डीएमसी दिनेश नाग, एपीसी पंकज श्रीवास्तव, नवनीत पटेल एपीसी समग्र शिक्षा सहित सभी विकासखंड शिक्षा नोडल, सभी बीईओ, एबीईओ एवं स्त्रोत केन्द्र समन्वयक मौजूद रहे।

## एक नजर

### पीजी कॉलेज में गणित परिषद का गठन, पिंकी बनी अध्यक्ष

**महासमुंद,9 दिसंबर।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा महासमुंद के गणित विभाग में 6 दिसंबर को विभाग की सेमेस्टर आंतरिक परीक्षा संपन्न होने के पश्चात 7 दिसंबर गुरुवार को गणित परिषद गठन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस परिषद के गठन का मुख्य उद्देश्य विभाग के विभिन्न कार्यों को एक मूर्त स्वरूप प्रदान करना है। आगामी समय में विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के सेमिनार व गतिविधियों को संचालित करने के लिए कार्य व दायित्व सौंपा गया।परिषद में अध्यक्ष पिंकी साहू एमएससी तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष भूमिका दुबे एमएससी प्रथम सेमेस्टर, सचिव रोहित घृतलहरे तृतीय सेमेस्टर एवं सहसचिव शुभम निषाद प्रथम सेमेस्टर, कोषाध्यक्ष शिरीन खान, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रियंका दीवान, फोटोग्राफी एवं मीडिया प्रभारी नटराज सोनकर, हेमेंद्र दीवान, कार्यक्रम संचालन समिति में आयुषी साहू, अदिति ठाकुर , भूमिका दुबे, सलाहकार समिति में लकेश्वरी साहू, अंजू ध्रुव, प्रिया सिन्हा का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। तत्पश्चात पदाधिकारियों को अपने-अपने पद पर कर्तव्यों के निर्वहन के लिए शपथ दिलाई गई तथा विभाग के प्राध्यापकों ने मनोनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके कर्तव्यों के लिए अपने-अपने विचार रखें। साथ ही आगामी 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ निवास रामानुजन की जयंती के याद में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने के लिए चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा गणित विभाग को विभागीय बैनर दिया गया। अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को 29 दिसंबर से शुरु हो रही महाविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा के लिए भी शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग के गौरव कुमार सोनी एवं आभार प्रदर्शन दीप्ति पटेल ने किया। इस कार्यक्रम में एमएससी गणित के सभी छात्र-छात्राएं तथा विभाग की टीचर रेशमा वर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

### पालिका जल्द ही शहर के सार्वजनिक शौचालयों को करेगी अपग्रेड

**महासमुंद,9 दिसंबर।** शहर में निर्मित सार्वजनिक शौचालयों को जल्द ही अपग्रेड किया जाएगा। शौचालयों को पहले से और बेहतर बनाने के लिए महासमुंद नगर पालिका क्लीन टायलेट कैम्पेन के थीम पर कार्य करने की योजना बना रही है। ताकि, शहर सार्वजनिक शौचालयों का नागरिक अधिक से अधिक उपयोग करें।मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे के निर्देश पर पालिका के सब इंजीनियर ने विगत दिनों सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया था। विदित हो कि नगर पालिका परिषद महासमुंद स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारी में जुटा हुआ है। पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सड़क किनारे धूल मिट्टी तथा झिल्ली पन्नी की सफाई, नाली सफाई इत्यादि के कार्य को योजनाबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। सार्वजनिक शौचालयों की निरंतर सफाई की जा रही है। ताकि, स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पालिका को उत्कृष्ठ स्थान मिल सके। सर्वेक्षण की तैयारी और क्लीन टायलेट कैंपेन को लेकर स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श ने बताया गया कि कैंपेन 24 दिसंबर तक चलेगा।

### कमला नेहरू पार्क के पास से हटाया गया अवैध कब्जा



**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा स्वयं से अवैध कब्ज़ा हटाने के लिए मुनादी कराया जा रहा है और कब्ज़ाधारियों को समझाईश भी दिया जा रहा है कि बाजारों में किसी भी प्रकार अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा और जहां से अतिक्रमण हटाया गया है। वहां अगर दोबारा अवैध कब्जा होता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

निगम कमिश्नर श्री सुनील कुमार चद्रवंशी के निर्देश पर आज निगम के राजस्व विभाग एवं तोड़ू दस्ता की टीम ने कमला नेहरू पार्क के पास रोड़ बाधा एवं अवैध छोटे-बड़े कब्जाधारियों और दुकान चलाने वाले 10 लोगो पर 11200 रुपए जुर्माना कार्यवाही किया गया और कुछ लोगों से जब्ती कार्यवाही किया गया एवं भविष्य मे कब्ज़ा नहीं करने समझाईश दी गई। कमिश्नर चंद्रवंशी ने यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए अवैध चौपाटियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा फूटपाथ पर ठेले गुमटियों व चौपाटियों पर भी कार्रवाई करने तथा ठेले व फल विक्रेताओं को मेरिन ड्राइव स्थित शेड में दुकान व्यवस्थित होने के निर्देश दिए। कुछ लोगों द्वारा दुकान से अधिक शेड निकालकर कब्जा किया गया है उन्हें भी हटाया जा रहा है। अवैध कब्जे पर यह कार्यवाही निरंतर चलाया जायेगा।

#### इन लोगों पर हुई कार्रवाई

निगम ने कार्यवाही के दौरान 10 लोगों पर जुर्माना भी लगाया, जिसमें ईश्वर देवांगन से 500 रुपए, विजय पटेल-1000 रुपए, वृन्दा देवांगन-500 रुपए, दौलत-500 रुपए, नई दिल्ली बाजार-4000 रुपए, सानिया फर्नीचर-3000 रुपए, दिनेश-200 रुपए, मो.सादाब-500 रुपए, बजरंग अग्रवाल-500 रुपए तथा नारायण से 500 रुपए का जुर्माना हुआ है। जिससे कुल जुर्माना 11200 रुपए का लगा है।

---

वार्षिक परीक्षा को मात्र ढाई से 3 महीना शेष, कोर्स पूरा करने की चिंता

# चौबेबांधा मिडिल स्कूल में पांच की जगह दो शिक्षक,बच्चों का भविष्य अंधकारमय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 8 दिसंबर।** शहर से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम चौबेबांधा के मिडिल स्कूल में शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो गई है। ऐसे में कैसे बच्चे अपने भविष्य को गढ़ेंगे, इस बात को लेकर पालक बालक दोनों चिंतित है लेकिन शिक्षा विभाग को कोई चिंता नहीं है। जून से स्कूल खुला है। 7 महीना पढ़ाई का गुजर चुके हैं अब मात्र ढाई से तीन माह ही बचा हुआ है। इतने कम समय में छात्र-छात्राएं अपने पढ़ाई कैसे कंप्लीट करेंगे, बड़ी प्रश्न खड़ी हो गई है। जानकारी के आधार पर मिडिल स्कूल में दर्ज संख्या छठवीं, सातवीं और आठवीं को मिलाकर कुल 90 है। तीन क्लास के आधार पर टोटल 18 पीरियड प्रतिदिन होना है। यहां मात्र दो शिक्षक पदस्थ है इनमें एक पुरुष शिक्षक तथा एक महिला शिक्षिक है। एक दिन में यह दोनों कैसे 18 क्लास लेंगे। प्रत्येक पीरियड में जाएंगे तब भी सिर्फ 12 परेड ही पढ़ पाएंगे बाकी के छः छूट जाएगा। किसी भी परिस्थिति में संभव नहीं है। यहां कोई लिपिक भी नहीं है जो लिखा पढ़ी का काम करें। यह सारा काम भी इन दोनों शिक्षकों को ही करना है। शेड्यूल के अनुसार होना तो यहां पांच शिक्षक चाहिए था। परंतु दो शिक्षक से पूरा सत्र गुजरने वाला है और विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं है। छात्र-छात्राएं रोशनी, चांदनी, श्रीकांत, राहुल इत्यादि ने पूछने पर बताया कि सर और मैडम दोनों पढ़ाते हैं बावजूद इसके कई पीरियड खाली रहता है जिसके कारण हमारे कोर्स अनकंप्लीट है। परीक्षा में हमारा नंबर कैसे आएगा।

हम क्या करेंगे, क्या लिखेंगे, इस बात को लेकर हमें चिंता है। पालक भी अपने बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान हैं। शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष लोचन निषाद ने बताया कि शिक्षकों की कमी को लेकर हमने पंचायत में बात रखी। लेकिन अभी तक कोई शिक्षकों की व्यवस्था नहीं हो पाई है जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बहुत प्रभावित है। इन्होंने बताया कि सरपंच और उप सरपंच दोनों ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को आवेदन लिखकर शिक्षक की मांग के लिए गए थे। क्या हुआ मुझे नहीं पता। जानकारी मिली है कि पिछली बार पदोन्नति हुआ तब विभाग के मातहत अधिकारियों ने शहर के आसपास के गांव के स्कूल का नाम छिपा दिया था जबकि यहां पहले से ही पद खाली है। नतीजन पदोन्नति में भी कोई शिक्षक की व्यवस्था नहीं हो पाई।

#### शहर से लगा हुआ है चौबेबांधा

राजिम शहर से चौबेबांधा की दूरी मात्र 2 किलोमीटर है जबकि जिला मुख्यालय की दूरी यहां से 43 किलोमीटर है। ब्लॉक मुख्यालय 19 किलोमीटर में स्थित है। शहर से लगे होने के बावजूद यहां की स्कूल की स्थिति शिक्षक विहीन है तो फिर दूरांचल के स्कूलों में पढ़ाई होती भी है कि नहीं होती है यह कह पाना मुश्किल है। इससे जिले में शिक्षा की व्यवस्था चरमराती हुई नजर आ रही है। लगता है अधिकारियों को स्कूलों में आकर निरीक्षण करने की फुर्सत नहीं है या फिर बताने के बाद भी शिक्षकों की व्यवस्था नहीं कर पाना विभाग के ऊपर सवालिया निशान लगाता है। शासन और सरकार अच्छी शिक्षा देने की ढिंढोरा पीटते हैं पर यहां तो स्थिति कुछ और हैसरपंच दुलीचंद आंड़े ने बताया कि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को आवेदन दिए गए हैं लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है।इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि शीघ्र शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी ताकि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित न हो।ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेंद्र जोशी ने बताया कि संख्या के आधार पर चार शिक्षक होना चाहिए। संशोधन हुआ है शीघ्र व्यवस्था करेंगे। तीन क्लास है तो तीन शिक्षक जरूर देंगे।

---

## बारिश के बाद नेशनल हाईवे-130 में भरा पानी

■ राजधानी रायपुर और देवभोग ओडिशा मुख्य मार्ग है ये

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम/पांडुका ।** चक्रवात तूफान से मौसम खराब होने की वजह से बारिश भी हुई और बारिश में पांडुका चारों धाम स्थित नेशनल हाईवे 130 का मुख्य मार्ग फिर तालाब में परिवर्तित हो गया है घुटने तक भरे इस मुख्य मार्ग में राजधानी रायपुर से लेकर देवभोग उड़ीसा तक जाने वाली एकमात्र सड़क है साथ ही इस मार्ग से रोज स्कूली बच्चों सहित प्राथमिक स्वास्थ केंद्र और जिला अस्पताल मरीजों का आना जाना है तथा हजारों लोग स्थित सैकड़ो गाड़ी 24 घंटा आवाजाही करती है ऐसे में निर्माण कंपनी द्वारा दोनों तरफ नाली का निर्माण तो कर दिया है पर यहां से पानी निकासी का कोई व्यवस्था नहीं होने की वजह से फिर सड़क के बीचो-बीच चारों धाम के पास पानी जाम हो गया जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को घुटने भर पानी से साइकिल मोटरसाइकिल या चार पहिया वाहन से गुजरना पड़ रहा है निर्माण कंपनी कोई ध्यान नहीं देती वहीं ग्राम पंचायत सुस्त है जो जनहित के मुद्दे पर कभी ध्यान नहीं देते जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है समय रहते इसमें अगर मुरूम या फिर कंक्रीट नहीं किया गया था कीचड़ से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहेगी जिसमें कई लोग की जान जान भी जा सकती है। हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग से जिले के कलेक्टर साहब सहित जिले के आला अधिकारी रोजाना-जाना करते हैं पर दूरभाग्य ही कहा जाय कि इस व्यस्त रोड पर आज तक किसी जिम्मेदार ने ध्यान दिया पिछले वर्षा ऋतु से यह रोड ऐसे ही स्थिति में है जो हाल ही में गिरे पानी से बद से बत्तर हो गया है।

### रोस्टर बनाकर नक्शा बटांकन के काम में लायें तेजी:कलेक्टर

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** प्रत्येक पटवारी हल्के के लिए सप्ताहवार रोस्टर तैयार कर नक्शा बटांकन के कार्य में तेजी लायें। एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारियों को इसकी लगातार मॉनिटरिंग करनी है।

उक्त बातें कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कही। कलेक्टर श्री गोयल ने जिले के सभी राजस्व न्यायालयों के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी दिखनी चाहिए।

---

## बजरमुड़ा कोल माइंस में 300 करोड़ रुपए मुआवजा बांटने में गड़बड़ी

### जांच के लिए पहुंचे कमिश्नर

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** बजरमुडा कोल माइंस के मुआवजे वितरण मामले में जांच तेज हो गई है, बुधवार की रात को राजस्व विभाग के संचालक रमेश शर्मा सहित राजस्व अफसरों की टीम के साथ आरआई स्तर के 8 अफसरों एवं कर्मचारियों की टीम जांच करने के लिए रायगढ़ पहुंच गई है। यह टीम दो दिनों से कोल माइंस प्रभावित गांव बजरमुड़ा, डोलनारा, करवाही में यह टीम जांच करने के लिए पहुंची है। गुरुवार को इसकी जांच शुरु की गई है। इस टीम आने के बाद गुरुवार को वहां पर स्थानीय स्तर के राजस्व अफसरों ने राजस्व निरिक्षको के 13 लोगों का दल बनाया गया है। कहा जा रहा हैं कि शुक्रवार को भी इसकी जांच की जाएगी। संचालक ने इसके लिए बकायदा बिलासपुर और रायपुर से भी राजस्व निरिक्षको जांच में लेकर आया हैए रायगढ़ के पटवारियों को भी शामिल किया गया है।

दरअसल वहां पर छत्तीसगढ़ पॉवर जनरेशन को आबंटित कंपनी को तमनार ब्लॉक के बजरमुड़ा में कोलमाइंस का आबंटन हुआ हैए तीन गांवों में



करीब 300 करोड से ज्यादा का मुआवजे का वितरण किया गया है। इसमें व्यापक तौर पर गड़बडियां करने की बात सामने आई हैए तीनों गांवों में करीब 129 हैक्टयर जमीन को कोल माइंस के लिए लिया गया है, हालांकि अभी वहां पर बजरमुडां में माइंस से दो साल से प्रोडक्शन दिया गया है।व्यापक गड़बडियों को देखते हुए किसानों का कहना हैं कि कुछ इलाकों में में मुआवजे का पैसा भुगतान नहीं हो पाया है और बजरमुडा में किसानों का मुआवजे का वितरण किया जा चुका हैए इसे 2020.2021 में मुआवजे का वितरण हुआ है।

#### इस तरह की गड़बड़ी आई सामने

यहां पर मुआवजा वितरण में व्यापक गड़बडियां सामने आई है, जिसमें एक फसली जमीन को दो फसली जमीन बताकर इसमें व्यापक गडबडियां करने के साथ जिस जमीन पर बोर खनन नहीं हुआ थाए वहां पर बोर बता दिया गया। वही मुआवजे पाने के लिए पतली दीवार बनाने के साथ आरआई, पटवारियों द्वारा मुआवजे का आंकलन अधिक कर की बड़ी बड़ी बिल्डिंग निर्माण कराकर व्यापक गड़बडियां की गई है। कृषक जमीन पर कॉम्लेक्स में निर्माण करा दिया गया है, मुआवजे के लिए गड़बडिया सामने आने के बाद सामाजिक संगठनों के लोगों और कुछ लोग इसकी शिकायत मंत्रालय स्तर पर राजधानी में की गई थी। इसके बाद ठोस शिकायत किया गया थाए जिसमें मंत्रालय से संज्ञान लिया हैं कि कमेटी बनाया गया है। राजस्व विभाग के आयुक्त को इसके जांच जिम्मेदारी सौपी है, कहा जा रहा हैं उस समय के तत्कालिन एसडीएम और तहसीलदार सहित राजस्व कर्मचारियों, अफसरों की संलिप्त है।

---

## समाचार संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन द्वारा स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित की गई है। जिसके लिए 22 दिसम्बर 2023 तक कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक महिला एवं बाल विकास परियोजना बीजापुर में व्यक्तिगत रुप से अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन जमा किया जा सकता है। रिक्त पदों के अंतर्गत ग्राम पंचायत गमपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र गमपुर हिरोलीपारा एवं ग्राम पंचायत कुवेम के आंगनबाड़ी केन्द्र कुवेम में 1-1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद रिक्त है जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किया गया। इसी तरह सहायिका के रिक्त पद हेतु ग्राम कुवेम के आंगनबाड़ी केन्द्र कुवेम, गमपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र गमपुर करेंपारा और मुच्चापारा, डौड़ी तुमनार के आंगनबाड़ी केन्द्र तामोड़ी, तोयनार के आंगनबाड़ी केन्द्र तोयनार बाजार पारा, मेंटापाल के आंगनबाड़ी केन्द्र हिरोली, बीजापुर नगर के आंगनबाड़ी केन्द्र राउतपारा 02, धनोरा के आंगनबाड़ी केन्द्र रेंगानार, एरमनार के आंगनबाड़ी केन्द्र एरमनार सरपंचपारा और कुएनार स्कुलपारा एवं मनकेली के आंगनबाड़ी केन्द्र मनकेली में 1-1 सहायिका के पद रिक्त है।आंगनबाड़ी के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उर्त्तीण एवं सहायिका के लिए 8वीं उर्त्तीण निर्धारित की गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका तथा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति संबंधि निर्देश- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका का पद पूर्णतः मानसेवी तथा अशासकीय पद है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी सहायिका को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय प्रतिमाह दिया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका का पद के लिए 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। 01 वर्ष या 1 वर्ष से अधिक सेवा कार्यकर्ता/सहायिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छुट दी जाएगी। परियोजना अधिकारी द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य किया जाएगा। आवेदिका उसी ग्राम या वार्ड की स्थायी निवासी होना चाहिए जिस ग्राम या वार्ड में आंगनबाड़ी के केन्द्र स्थित है। शहरी/ग्रामीण/आदिवासी परियोजना में कोई आवेदिका न मिलने पर कार्यकर्ता पद हेतु शैक्षणिक योग्यता शिथिल मानकर दसवीं बोर्ड रखी जावेगी। इस अनुसार भी कोई आवेदिका न मिलने पर आठवीं, पांचवी उर्त्तीण रखी जावेगी। सहायिका पद में उपरोक्तानुसार शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण के लिए अंकसूची की स्व-प्रमाणित छायाप्रति लगाया जाना अनिवार्य होगा तथा अंतिम चयन आदेश पूर्व मूल प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा। आवेदन के साथ अंकसूची सहित आवश्यक सभी दस्तावेज स्व-प्रमाणित हो। अंतिम चयन के समय मूल प्रमाण पत्र के सत्यापन के लिए समुचित प्रक्रिया का निर्धारण किया जाएगा। सत्यापन ना होने पर नियुक्ति आदेश निरस्त माना जायेगा। सभी दस्तावेज अभ्यर्थी द्वारा स्व-प्रमाणित कर लगाऐंगे।

### गुरु घांसीदास जयंती पर 18 दिसम्बर को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**बीजापुर 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2023-24 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 18 दिसम्बर 2023 दिन सोमवार को गुरू घांसीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल -7 सैनिक कैंटीन में मदिरा धारण, विक्रय तथा परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### प्राकृतिक आपदा से पीड़ित के परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र (6)4 के तहत् प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में मृतक सोमाराम हपका के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती रूकमी हपका को 4 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### नुक्कड़ नाटक से एड्स के प्रति किया जागरूक



**बीजापुर 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वामी आत्मानंद स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भैरमगढ़ के छात्रों ने एड्स से बचाव के संबंध में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।विश्व एड्स दिवस पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में के छात्रों ने एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक द्वारा लोगों को एड्स से जुड़ी समस्याओं व समाधान को विभिन्न कलाओं द्वारा दर्शाया गया। इसके साथ ही साथ लोगों से संपर्क कर सभी जानकारियां साझा की गई। इस मौके पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य देवानंद मेश्राम एवं समस्त स्टाफ ने एड्स दिवस पर विभिन्न आयोजन कर सभी को सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया।

---

# धरमजयगढ़ में चूक से हताशा में भाजपा!

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की लगातार तीसरी बार पराजय से कार्यकर्ताओं के मन में हताशा साफ दिख रही है। हालांकि बीते 2018 के चुनाव में भाजपा को इस सीट से बेहद कम वोट मिले थे। और कांग्रेस करीब 40 हजार मतों के अंतर से चुनाव जीत गई थी। इस बार भाजपा ने कांग्रेस के उस बढ़त को रोकने में सफलता तो अर्जित की लेकिन इस चुनाव में भी भाजपा को 9637 मतों के अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा। राजनीतिक सूत्रों की माने तो कांग्रेस की लगातार तीसरी जीत को नहीं रोक पाने का भाजपा कार्यकर्ताओं को बेहद मलाल है। बताया जाता है कि जिला संगठन की ओर से बेहतर मार्गदर्शन और चुनावी रणनीति की कमी इस चुनाव में भी कार्यकर्ताओं को खलती रहीए लेकिन कार्यकर्ता अपने दम पर चुनावी नैया पार लगाने की जुगत में रहे। हालांकि 40 हजार से अधिक की कांग्रेस की लीड को पाटने में बड़ी सफलता मिलीए परंतु थोड़ी कसर रह गई और जीत हाथ से फिसल गई। चुनाव खत्म होने के बाद पार्टी समीक्षा में जुटी हैए कि आखिर कहां चूक रह गई। राजनीति के जानकार इस चुनाव में भी पार्टी में हुई भितरघात की आशंका जता रहे हैं। कार्यकर्ता भी पार्टी के कुछ इलाके में




भितरघात को लेकर दबी जुबान में चर्चा कर रहे हैं। अब देखना है कि पार्टी धरमजयगढ़ क्षेत्र में हुई हार की समीक्षा किस रूप में करती है। रायगढ़ जिले की तीन सीटों पर भाजपा को मिली पराजय में धरमजयगढ़ की सीट भी शामिल है। खास बात यह है कि इस बार भाजपा ने धरमजयगढ़ सीट पर जीत के लिए नए सिरे से रणनीति तैयार की थी। बताया जाता है कि इस चुनाव में भाजपा ने जहां नए चेहरे पर दाव लगाया इस सीट से प्रत्याशियों की पहली सूची में हरिश्चंद्र राठिया को प्रत्याशी घोषित कर दिया था। जिससे हरिश्चंद्र राठिया चुनाव की घोषणा से पहले ही क्षेत्र में जनसंपर्क में जुट चुके थेए लेकिन अंत में पराजय का सामना करना पड़ा। हालांकि इस चुनाव में भाजपा के पक्ष वोट की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज हुई। जबकि पिछले 2018 के चुनाव में भाजपा के हिस्से में महज 54838 वोट ही आए थे और कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत सिंह राठिया के खाते में 95173 वोट आए। इस तरह कांग्रेस ने 40335 मतों के अंतर से भाजपा को पराजित किया था। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हरिश्चंद्र राठिया को 80856 वोट हासिल हुए। जबकि कांग्रेस के लालजीत सिंह राठिया पिछले चुनाव से करीब 5000 कम वोट पाकर 90493 के आंकड़े पर थे। हालांकि कांग्रेस ने 9637 वोटों के अंतर से भाजपा को पराजित करने में सफलता पा लिया। परंतु भाजपा 40 हजार की बड़ी लीड को कम करने सफल जरूर हुई। बताया जाता है कि भाजपा को इस बार जीत मिलने की बड़ी उम्मीद थीए लेकिन उम्मीद पर पानी फिर गया। कांग्रेस की लगातार तीसरी जीत से भाजपा को बड़ा झटका लगा है। भाजपा इस चुनाव में एड़ी चोटी का जोर लगाने की रणनीति पर काम कर रही थीए लेकिन भाजपा के कापू, बांकारूमा और छाल मंडल के ज्यादातर बूथों में कांग्रेस से पीछड़ गई। जिसका असर चुनाव परिणाम पर सीधा पड़ा और भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में खास बात यह रही कि कांग्रेस को कुल 281 बूथों में से जहां 163 बूथों पर भाजपा से बढ़त बनाने में सफलता मिली। वहीं भाजपा को 118 बूथों पर ही कांग्रेस को बढ़त बनाने में सफलता मिल पाई। इस तरह कांग्रेस के मतों का अंतर भाजपा को पछाड़ने में सफल हो गया। अलग-अलग बूथों पर मिले वोटों को गौर करें तो भाजपा को क्रिन्धा, छुही पहाड़, रूवांफूल, कुमाए इंचपारा, चाल्हा, बताती, जमरगा, बकालो, कुमरता, गिद्धकालो, परसा जैसे बूथों में बढ़त मिली। इसी तरह बैरागी, कुंभीचुआं, रतनपुर, सोनपुर, कापू-1, इन्दकालो, गोढ़ीखुर्द, बालकपोड़ी, ससकोबा, भालूपखना, खम्हार-1, जमरगीडी, जबगा, सेमरा, पोटिया, बोरो, उदउदा, फतेहपुर के बूथों में भाजपा बढ़त बनाने में सफल रही। इसके अलावा कुछ अन्य बूथों पर कांग्रेस से बढ़त बनाने में कामयाब हो पाई। परंतु ज्यादातर बूथों पर कांग्रेस का बढ़त बरकरार रहा और कांग्रेस की जीत का प्रमुख कारण बना।

#### भाजपा को नगरीय क्षेत्र में मिली थी बढ़त

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नगरीय ईलाकों में इस बार भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा। बताया जाता है कि धरमजयगढ़ नगर पंचायत क्षेत्र में भाजपा इस चुनाव में बढ़त बनाने में सफल रही। बायसी से लेकर दुर्गापुर, शाहपुर, अमली टिकरा, धरमजयगढ़ के 14 बूथों में भाजपा की बढ़त रही। इसके अलावा गनपतपुर, रैरूमा खुर्द, बाकारूमा-1, सीसरिंगा-3, बायसी कॉलोनी, सेमीपाली, खडगांव-1, कया-1, तिलाईपाली, रायकेरा, पोर्डा, कुडुमकेला सहित पुरी, धसकामुड़ा, चंद्रशेखरपुर, नवापारा-1, बांधापाली के अलावा घरघोड़ा के चार बूथों और नवापारा, कसैया, अमलीडीह, छर्राटांगर, डेहरीडीह, डोकरबूढ़ा जैसे बूथों पर भाजपा को बढ़त मिली। खास बात यह रही की नगरी क्षेत्र में कांग्रेस पिछड़ी हुई नजर आई। जबकि भाजपा पिछले चुनाव से बढ़त बनाने में बहुत हद तक सफल रही। लेकिन ज्यादातर बूथों में कांग्रेस को मिली बढ़त से भाजपा इस चुनाव में भी हार गई।

#### कांग्रेस का गिरा वोटो का आंकड़ा चिंताजनक

धरमजयगढ़ सीट से कांग्रेस के लालजीत सिंह राठिया की लगातार तीसरी जीत है। हालांकि कांग्रेस के लिए इस बार के चुनाव में मिली जीत ज्यादा सुकून देने वाली नहीं है। कांग्रेस के लालजीत सिंह राठिया को 2018 के चुनाव में 40 हजार से अधिक की लीड मिली थी। लेकिन इस चुनाव में पिछले चुनाव के मुकाबले प्राप्त मतों का आंकड़ा भी करीब 5 हजार कम हो गया। यह कांग्रेस के लिए चिंताजनक स्थिति मानी जा सकती है। राजनीति के जानकारों की माने तो इस चुनाव में भाजपा ने अपने हिस्से के वोट में बढ़ोतरी कर कांग्रेस को चिंता में डाल दिया है।

## एक नजर

### 10 दिसम्बर शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार 9 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर 10 दिसंम्बर 2023 को तहसील सोनाखान अंतर्गत संचालित देशी/विदेशी मदिरा दुकान बया को सम्पूर्ण दिन के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। आदेश मे शुष्क दिवस अवधि में सोनाखान तहसील अंतर्गत संचालित देशी व विदेशी मदिरा दुकान बया को बंद किया जाना तथा सोनाखान तहसील अंतर्गत मदिरा के बिक्री,विनिर्माण, संग्रहण, धारण एवं परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### सोमवार से पुनः शुरू होगा साप्ताहिक कलेक्टर जनचौपाल

**बलौदाबाजार 9 दिसम्बर।** विधानसभा निर्वाचन के कारण स्थगित साप्ताहिक कलेक्टर जनचौपाल अब पुनः आगामी सोमवार से शुरू होगा। जनचौपाल का आयोजन प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 12: 30 बजे तक कलेक्टर कक्ष में होगा। गौरतलब है कि शासन की मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से साप्ताहिक कलेक्टर जनचौपाल का आयोजन किया जाता है। दूर -दराज से आए आवेदकों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण करने हेतु कलेक्टर द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को मिला 17 वें राष्ट्रीय गणित सम्मेलन की मेज़बानी करने मौका

**भाटापारा 9 दिसंबर।** खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 30 व 31 दिसम्बर 2023 को दो दिवसीय ÷17वाँ नेशनल मैथ्स कन्वेंशन÷ का ऐतिहासिक आयोजन होगा। अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल इस अद्भुत एवं ऐतिहासिक राष्ट्र स्तरीय विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी की मेज़बानी करेगा। यह अविस्मरणीय ÷नेशनल मैथ्स कन्वेंशन ÷ विद्यालय के प्रबंधक अश्वनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्य योगेश पोपट के मार्गदर्शन में कराया जाएगा। जिला बलौदाबाजार, भाटापारा के इतिहास में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पहला ऐसा विद्यालय होगा जहाँ पहली बार राष्ट्रीय स्तर का मैथ्स कन्वेंशन (गणित सम्मेलन) कराया जाएगा।

# राष्ट्रीय स्पर्धा से कुमकुम चौथा व खेमिन छठा रैंक लेकर लौटी

## लछवन्तीन है भविष्य की उम्मीद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा 9 दिसंबर।** जिला गरियाबंद भारोत्तोलन संघ के लिए वर्ष 2023 जाते-जाते अनेक सौगात दे रहा है एक और जहां नगर की बेटियां राष्ट्रीय स्पर्धा में अपना नाम दर्ज कर रही है वहीं बेटे भी पीछे नहीं है अभी अभी कोलकाता में संपन्न हुई राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता अस्मिता खेलो इंडिया में कुमकुम ध्रुव ने अपने भार वर्ग में चौथा रैंक हासिल किया वहीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम बार भाग लेते हुए खेमिन पटेल ने प्रथम प्रयास में ही छठा रैंक हासिल कर उपलब्धि हासिल की वहीं लछवन्तीन कोसले ने भी अपने प्रदर्शन से राष्ट्रीय अंपायर को भविष्य की उम्मीद दिखाई इससे पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के महाविद्यालयों की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भारोत्तोलन स्पर्धा में खेमिन पटेल ने अपने भार वर्ग में गोल्ड मेडल व देव कुमार निषाद ने अपने भार वर्ग में रजत पदक जीत कर नगर को गौरवान्वित किया।आगामी 25 से 30 दिसंबर को बीकानेर राजस्थान में होने वाली राष्ट्रीय खेल शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा संध्या साहू एवं योगानंद खरे का चयन छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधित्व के लिए हुआ है ये सभी खिलाड़ी जिला भारोत्तोलन संघ के खिलाड़ी के रूप में स्पर्धाओं में शामिल होते हैं अल्प संसाधन आर्थिक कमी से जूझते और अपने स्वयं के मेहनत और लगन से इन प्रतिभावान खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया है इन्हे संवारने? और इस मुकाम तक पहुंचाने में सेवानिवृत्त पीटीआई प्रमोद सिंह ठाकुर का विशेष सराहनीय योगदान है इनकी इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों में तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष, यशवंत यादव जिलाध्यक्ष भारोत्तोलन संघ, एन सी साहू प्राचार्य, के के साहू प्राचार्य कन्या विद्यालय, डोमेश्वर ध्रुव पी टी आई, शिक्षकगण भूपत कन्नौजे,नागेन्द्र कुमार,लॉरेंस महिलांगे सीमा सिंह,नेहा जायसवाल,रेखा प्रधान,छत्तर सिंह ठाकुर जनप्रतिनिधि, मानसिंह निषाद जन सेवक, नरेंद्र पटेल, इमरान मेमन कान्ट्रेक्टर, आर के ध्रुव अतिरिक्त सीईओ,लेखराज धुर्वा अध्यक्ष सरपंच संघ ब्लॉक छुरा, सज्जन शर्मा वयावसायी, हीरालाल साहू सचिव जिभारोसंघ,शीतल ध्रुव समाजसेवी, भोलेशंकर जायसवाल, विनोद देवांगन,रेवेन्द्र दीक्षित, देवनारायण यदु,शिव ठाकुर,राजकुमार लहरे,राजेश्वरी ठाकुर, रुपनाथ बंजारे जिलाध्यक्ष छग मजदूर संघ,पुनीत ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष इंटक,मिथलेश सिन्हा, अर्जुन धनंजय सिन्हा,टंकेश्वर मरकाम,यूनूस खान,विमल पुरोहित,प्रदीप गुप्ता व्यवसायी,थानसिंग दिनेश कोठारी विनोद यादव, दिनेश साहू महाविद्यालय प्राचार्य प्राध्यापक गण विनीत कुमार साहू ,डी आर साहू,सी पी सिंग,डी पी सिंग,सी एच पटेल आदि प्रमुख हैं।

# श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव 15 दिसंबर तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा- नेवरा 9 दिसंबर।** तिल्दा नेवरा में 9 दिसंबर से अहिंसा जीवदया के जयकारों से गूंज उठेगी. मंत्रोच्चारण के साथ यहां श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव के 7 दिवसीय महामहोत्सव में पाषाण को भगवान बनाने की धार्मिक क्रियाएं शुरू होंगी. परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के ससंघ सानिध्य और प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय भैया (बंडा) के प्रतिष्ठाचार्यत्व में पूरा कार्यक्रम संपन्न होगा.

तिल्दा नेवरा छत्तीसगढ़ की धर्म नगरी में 9 से 15 दिसम्बर तक बीएनबी ग्राउंड दशहरा मैदान में यह धार्मिक आयोजन होगा. महामहोत्सव को लेकर सारी तैयारी पूरी हो चुकी है. शुक्रवार को आयोजन समिति द्वारा आयोजन की भव्यता एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। आयोजन समिति के मनोज जैन, सुदेश जैन ने बताया कि, इस आयोजन की शुरूआत 9 दिसंबर को घटयात्रा, ध्वजारोहण के साथ होगी. 10 दिसंबर को गर्भकल्याणक पूर्व रूप, 11दिसंबर को गर्भकल्याणक, उतर रूप , 12 दिसंबर को जन्म कल्याणक13 दिसंबर को तप कल्याणक. 14 को ज्ञान कल्याणक और 15 दिसंबर को मोक्ष कल्याणक के बाद गजरथ फेरी के साथ शोभायात्रा दशहरा मैदान से पूरे शहर में निकाली जाएगी. इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महा मुनिराज के अनमोल वचन भी सुनकर सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी.जैन समाज द्वारा आचार्यश्री के आशीर्वाद से नवनिर्मित जैन मंदिर में जैसलमेर पाषाण से निर्मित भव्य पांच शिखर शोभित जिनालय्यों का निर्माण किया गया है. इन जिनालयों में 1008 भगवान शांतिनाथ स्वामी की अष्टधातु की 51 इंच उतंग प्रतिमा, श्री 1008 भगवान पारसनाथ स्वामी की 1008 फणयुक्त प्रतिमा सहित अन्य जिन भगवंतो की प्रतिमाएं विराजित होंगी. जिन प्रतिमाओं के पंचकल्याणक उपरान्त आचार्यश्री सूर्यमन्त्र देंगे और वह जिन प्रतिमाएं मन्दिर जी मे प्रतिष्ठत की जाएगी.

परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के दर्शन एवं आशीर्वाद लेने एवं इस मांगलिक क्षण में साक्षी बनने देश भर से हजारों लोग तिल्दा नेवरा धर्म नगरी में पहुंचे हैं. शहर के सभी समाज के लोग भी इस समारोह को भव्य बनाने के लिए जी जान से लगे हुए हैं. सिंधी पंचायत भवन, झूलेलाल मंदिर भवन, अग्रसेन भवन, महेश्वरी भवन के साथ शहरके अन्य सभी भवनों रे देश के विभिन्न प्रदेशों से आए मेहमानों के लिए रहवास के साथ भोजन व अन्य सारी व्यवस्थाएं की गई है।

प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण बा,ब्र.के साथ अन्य जैन मुनि निर्यापक श्रमण श्री 108 प्रसाद सागर जी महाराज, मुनि श्री 108 चंद्रप्रभसागर जी महाराज, मुनि श्री 108 निरामय सागर जी महाराज के साथ प्रतिष्ठाचार्य बरा वाणी भूषण प्रतिष्ठा आचार्य विनय सम्राट भैया जी विशेष रूप से शामिल होंगे। युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज ससंघ के मंगल सानिध्य में एवं प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विनय भैया के निर्देशन में में पंचकल्याण महोत्सव के सौभाग्यशाली पात्रों का चयन हुआ।

# जिले में शीघ्र शुरू होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान

**बलौदाबाजार 9 दिसंम्बर।** भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की पहुंच लक्षित व्यक्तियो एवं समूहों तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करने हेतु देशभर में जागरूकता अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू किया गया है। इसके तहत बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान शीघ्र शुर होगा। कलेक्टर ने श संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अभियान की तैयारी के सम्बन्ध में अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले को एक एलईडी प्रचार वाहन आवंटित किया गया है। इस वाहन के लिए रूट चार्ट निर्धारित की जाएगी जो निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर योजनाओं का प्रचार -प्रसार करेगी। इसके साथ ही उस स्थल पर हितग्राहियों को विभागवार जानकारी प्रदान किया जाएगा तथा योजना से लाभान्वित भी किया जाएगा। जिले में अभियान के सफल आयोजन के लिए जिला, ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर समन्वय समिति गठित की जाएगी। उन्होंने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को जारी निर्देशानुसार आवश्यक तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत 9 दिसंम्बर 2023 को अपरान्ह 12ः30 बजे से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

उन्होंने कार्यक्रम में ऑनलाईन जुड़ने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में आवश्यक तैयारी करने के

# परसदा स्कूल को महिंद्रा स्पंज एंड पावर सरोरा ने दिया चार सेट कम्प्यूटर और एक प्रिंटर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 9 दिसंबर ।** आज बच्चो की चेहरे में फिर एक बार मुस्कान देखा गया जब बच्चो को पता चला की * महेंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड से आर के तिवारी और श्रीनिवास राव स्कूल आए और बच्चो को बताया गया की विद्यालय को निःशुल्क कंप्यूटर और प्रिंटर महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के द्वारा दिया जा रहा है बालक,बालिकाओं की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं होगा ग्राम पंचायत परसदा तिल्दा के बच्चो को सभी तरह की शिक्षा मिलेगा इसी बात को ध्यान में रखते हुए आज सरपंच श्रीमती सरोजनी वर्मा , उपसरपंच नन्दलाल मनहरे, सचिव राजकुमार साहू , पंचो एवम ग्रामीणों , प्राचार्य एवम समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में 04 नग कंप्यूटर सेट और एक प्रिंटर विद्यालय के लिए दिया गया। बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए आज कंप्यूटर की जानकारी होना अतिआवस्यक हैं। सरपंच के सक्रियता से विद्यालय को निःशुल्क समय समय पर आवश्यक सामग्री महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा से मिलते रहता है। बालक - बालिकाओं ने प्लांट प्रबंधन को धन्यवाद दिया और ऐसे ही विद्यालय के बच्चों पर आशीर्वाद बनाए रखने की बात कही गई।कंपनी के तरफ से भी आवशयकसहयोग करने की बात कही गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि उनके स्कूल को महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के द्वारा बराबर सहयोग करते रहे हैं. इसके लिए पूरा विद्यालय परिवार उनका आभारी है. ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच श्रीमती सरोजनी वर्मा ने कहा कि आधुनिक समय में पठन-पाठन के साथ कंप्यूटर ज्ञान जरूरी है। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे स्थानीय बच्चों को कंप्यूटर ज्ञान के साथ इंटरनेट तकनीक का ज्ञान होगा।

महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के जाने-माने उद्योगपति व समाजसेवी मनोज अग्रवाल ने ग्राम पंचायत परसदा के शाशकीय हाई स्कुल को चार कंप्यूटर सेट और एक प्रिंटर प्रदान किया है . वह विद्यालय को इसके पहले भी कई प्रकार की सामग्री दे चुके हैं. विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि उनके स्कूल को बराबर सहयोग करते रहे हैं. इसके लिए पूरा विद्यालय परिवार उनका आभारी है. इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के आर तिवारी , बी श्रीनिवास राव, श्यामू ,संदीप बघेल ,ग्राम पंचायत परसदा के सरपंच श्रीमती सरोजनी वर्मा उपसरपंच नन्दलाल मनहरे, सचिव राजकुमार साहू के साथ सभी पंचगण ,परसदा स्कूलों के शिछाकगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज के लोगों ने बाबा वैद्यनाथ के दर्शन किये

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 9 दिसंबर।** 54 सदस्यों द्वारा 4 दिवसीय बाबा धाम देवघर की यात्रा सम्पन्न की गई , इस यात्रा का उद्देश्य समाजिक एकता एवम धर्मिक यात्रा रही ! इस यात्रा में भाटापारा ,बलौदाबाजार ,खरोरा ,रायपुर ,हथबन्द , बिलासपुर ,इंदौर से भी सदस्य सम्मिलित हुए प्रथम दिन सुल्तान गंज से गंगा जल भरकर देवधर बाबा धाम में चढ़ाया गया ,तत पश्चातसभी मंदिरो का दर्शन कर मां पार्वती एवं बाबा बैधनाथ जी के मंदिर में गठबंधन कार्य किया गया ,दूसरे दिन बाबा वासुकी नाथ एवं मां पार्वती के दर्शन का पुन्य लाभ लिये ,रास्ते में नौलखा मंदिर का दर्शन किये ,सभी दर्शन लाभ वहां के राजू पंडा ,एवं बैधनाथ में मुकेश पंडा के नेतृत्व में संपन्न हुआ , 54 यात्रिओं को एक ही बड़े हाल में ठहराया गया था लगभग 60 घंटे एक साथ सोने बैढने खाने पीने से पूरा माहौल किसी बरात में ठहरे जैसा लग रहा था ,बीच बीच में सदस्यों द्वारा अपने अपने घरों से लाये व्यंजनों का मनुहार भरे वितरण से माहौल खुशनुमा हो गया ! अंत में सभी यात्रीयों ने बोल बम जय धोस के साथ अपने बड़ों का आर्शिवाद लेकर यात्रा की समाप्ति की ! आयोजक प्रदीप, मुकेश, नीतीश, नीतू ,विंध्या अग्रवाल एवं सभी सदस्यों अशोक सुशीला संध्या, सरोज, सरस्वती, अंजू ,मिथिला, रेखा ,श्रुति, उत्तम, मुक्ति ,सूर्यकांत ,शोभा, शुभम, वीणा ,विजय शंकर ,अरुणा, पूजा ,ज्योति ,इंद्रसेन ,अनिल, लक्ष्मी ,संध्या, संगीता ,रविकांत संतोषी ,मीना,रेनू ,अवनी, अर्चित, प्रीति, कंचन ,प्रमिला ,कंचन ,रिपु सूदन,शिप्रा, मुक्ता, ललिता ,दीप्ति, रविकांत ,उमा, खुशी, आकाश, शिल्पा, दिव्या ,और लालाजी विन्ध्या अग्रवाल केन्द्रीय महिला प्रतिनिधी रायपुर अध्यक्षा छ ग. अग्रवाल भाटापारा रहे। उपरोक्त जानकारी दाऊ संतोष अग्रवाल ने दी।

# बैकुंठ अल्ट्राटेक में विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा - नेवरा 9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा संचालित लिंक वर्कर योजना समर्थन संस्था रायपुर द्वारा बैकुंठ सीमेंट वर्कस अल्ट्राटेक ( सेंचूरी ) में लोगों को एचआईवी एड्स से जागरूक करने हेतु बैकुंठ वेलनेस सेंटर मे मजदूर, एवं ट्रक चालकों के बीच समर्थन संस्था रायपुर के लिंक वर्करों द्वारा एचआईवी संक्रमण के चार कारणों की जानकारी दिया गया इनसे बचने की उपायों की जानकारी दिया गया ।और मोबाइल आई सी टी सी के टीम के साथ निःशुल्क एच आई वी जाँच करवाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर से श्री अजय सिंह जेडीआईईसी सर के विशेष आतिथ्य मे यह कार्यक्रम अल्ट्राटेक सीमेंट वर्कस बैकुंठ, के स्टॉफ श्री -, डॉ तेजस अधिकारी सीएमओ , डॉ मनीष एमओ,डॉ गौरी अवधल्या, पी एल एच श्रीसोमदत्त कठवार श्री - दयाराम यदु लोजिस्टिक ऑफिसर, एम एल टी श्री सुमित सहाय, श्री बी के बसंत, राकेश निर्मलकर, श्रीमती मेरीना दास के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ । ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षो से प्लांट मे एच आई वी जाँच के साथ साथ जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम अल्ट्राटेक परिवार की तरफ से चलाया जाता है। साथ ही बैकुंठ हायर सेकेण्डरी स्कुल मे बच्चों के साथ संगोष्ठी कार्यक्रम किया गया, जिसमे एच आई वी संक्रमण के आधारभुत जानकारी दिया गया ताकि, बच्च देश के भविष्य होता है जिन्हे हम सही जानकारी देकर देश को इस महामारी से बचा सकते है। संगोष्ठी कार्यक्रम को सम्पन्न बनाने मे प्राचार्य श्री -जी पी शर्मा,सहायक शिक्षक श्री एस वाई कुरैशी, कु. मीना रॉय, ऐश्वरिया पांडे आदि स्कुल स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।। जाँच टीम के रुप मे छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति के मोबाइल आई सी टी सी, से कॉउंसलर श्री गणेश सर, एमएलटी श्री ओमप्रकाश साहूजी, बाहरू राम पटेलजी का भरपूर सहयोग रहा।

इस अवसर पर समर्थन संस्था रायपुर के डीआरपी रितु वर्मा , जोनल सुपरवाइजर श्री ईश्वर प्रसाद वर्मा ,ज्योति शर्मा, केशव धीवर,रघुवीर वर्मा, टीकाराम साहू,सरिता बर्मन,चंद्रिका पाटिल, पुष्पा वर्मा, चन्द्रकुमारसाहू,सुनंदा रघु, द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य मे एड्स जागरूकता कार्यक्रम किया गया।



### वीर शहीद नारायण शहादत दिवस 10 को



**छुरा 9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर नगर में 10 दिसंबर दिन रविवार को सर्व आदिवासी समाज तहसील द्वारा नगर के शीतला मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।10 बजे से होने वाले कार्यक्रम में समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है।सुबह 11ः00 बजे तक राजमहल तक कलश यात्रा में निकाली जाएंगी।उसके बाद 12ः00 बजे से समाज प्रमुखों द्वारा बड़ादेव की पूजा अर्चना स्वागत सम्मान सांस्कृतिक महोत्सव आदिवासी नृत्य होगा।तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा,सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष व वर्तमान जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर,सर्व आदिवासी समाज के तहसील अध्यक्ष व सरपंच कौशल सिंह ठाकुर,समाजसेवी शीतल ध्रुव,समाजसेवी पुनितराम ठाकुर,उक्त जानकारी देते हुए समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.
अ/6 (अ) वर्ष 2023-24
ग्राम का नाम-दतरेंगी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रामचरण उर्फ भागवत प्रसाद वर्मा पिता श्री केजूराम वर्मा जाति कुर्मी व अन्य जाति कुर्मी निवासी ग्राम दतरेंगी तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम दतरेंगी प.ह.न. 05 रा.नि.म. तरेंगा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 970 का टुकड़ा रकबा 0.3210 हे. ऑनलाईन भुईयां अभिलेख में त्रुटिवश अनावेदक के नाम दर्ज हो गया है, जिसे पंजीकृत बैनामा दिनांक 15.01.1996 के आधार पर त्रुटि सुधार करते हुए खसरा नम्बर 970/2 रकबा 0.3210 हे.लगान 1.10 रूपये को रामचरण उर्फ भागवत प्रसाद वर्मा, देवचरण उर्फ रिबाष कुमार वर्मा, रामकली, अहिल्या पिता श्री केजूराम जाति कुर्मी के नाम अभिलेख दुरूस्ती किये जाने हेतु आवेदन माननीय अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक15/12/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 15/12/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29/11/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भाटापारा



**कार्यालय, जोन क्रमांक-3 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**:: तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना::**

क्रमांक 52/न.पा.नि./जो-03/2023-24 रायपुर, दिनांक 07.12.2023

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है-**

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की तिथि - 14.12.2023 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 15.12.2023 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 19.12.2023 कार्यालयीन समय 4:00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 19.12.2023 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण | समया-वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कालीमाता वार्ड क्र. 11 अंतर्गत अन्नपूर्णा भवन राशन दुकान के बाहर शेड निर्माण कार्य।(सामान्य मद) | 4.94 | 5000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 04 माह |
| 02 | कालीमाता वार्ड क्र. 11 अंतर्गत तिवारी नाला के पास रोड मराम्मत, नाले की वॉल मरम्मत एवं वॉल उठाने का कार्य।(सामान्य मद) | 15.86 | 16000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 06 माह |
| 03 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र. 34 अंतर्गत आनंद नगर में नाला निर्माण हेतु पाईप लाईन शिफ्टिंग कार्य।(सामान्य मद) | 12.75 | 13000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई. भवन दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर.) | 04 माह |

1. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. निर्धारित सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
3. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
4. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
5. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
6. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में 'अ' (अमानती राशि, शपथ-पत्र, दस्तावेज), 'ब' (निविदा प्रपत्र), 'स' अंकित होना अनिवार्य है।
7. निविदा जमा करने के तिथि एवं खोलने की तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
8. समक्ष ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक सालवेंसी, लास्ट तीन साल आईटीआर, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं लास्ट तीन माह क्लीयरेंस डिटेल, अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
9. 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
10. एस.ओ.आर दर से 10 प्रतिशत से कम दर प्राप्त होने पर अंतर की राशि पृथक से अमानती राशि एफ.डी.आर. के रूप में इकरारनामा के पूर्व जमा करना होगा।
11. कार्यालय में निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात विलंब से प्राप्त होने वाले निविदाओं में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. शासकीय अवकाश या आकस्मिक अवकाश की स्थिति में तिथि व समय में परिवर्तन का अधिकार जोन आयुक्त के पास सुरक्षित होगा।
13. कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम व शर्ते प्राक्कलन एवं स्थल का अवलोकन निविदा हेतु आवेदन प्रेषित करने के पूर्व कर लिया जावे जिसे अंतिम समय में कोई विवाद न हो।
14. स्थल विवाद की स्थिति में जोन आयुक्त/प्रशासक महोदय द्वारा कार्यादेश निरस्त किये जाने की स्थिति में किसी प्रकार कर क्षतिपूर्ति राशि, देय नहीं होगा।
15. समस्त कार्य छ.ग. पी.डब्ल्यू.डी. की गाईड लाईन के अनुसार संपादित किया जावेगा।
16. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
17. नियम व शर्ते कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।
16. उक्त निविदा नगर पालिक निगम रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-03

## एक नजर

### आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 9 दिसंबर।** ग्राम चटौद में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी टिकेश्वर यादव 24 वर्ष ग्राम चटौद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसका भाई गांव में ही स्थित आनंद होटल के पास खड़ा था, तभी आरोपी देवेन्द्र वर्मा और धर्मेन्द्र वर्मा आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी के भाई से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 9 दिसंबर।** दावड़ा कालोनी टिकरापारा में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नागेश कुमार डोंगरे 30 वर्ष दावड़ा कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीके 5564 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते चार गिरफ्तार

**रायपुर, 9 दिसंबर।** राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 85 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने ग्राम गिरौद में अवैध शराब बेचते आरोपी कुनाल वर्मा 18 वर्ष व बेनीराम पटेल 54 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 31 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने ग्राम पिरदा में दबिश देकर आरोपी गोपाल कुर्रे 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 19 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम सुंदरा में दबिश देकर आरोपी घासीराम गायकवाड़ 40 वर्ष के पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# सांसद के घर से करोड़ों रुपये मिलना कांग्रेस के करप्शन का बड़ा उदाहरण: अरुण साव

**रायपुर. 9 दिसंबर।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर से मिले 300 करोड़ रुपयों को लेकर अरुण साव ने निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस होगी वहां करप्शन होगा. जहां कांग्रेस होगी वहां क्राइम होगा, ये कांग्रेस के कल्चर का उदाहरण है. एक राज्यसभा सांसद के घर से 300 करोड़ रुपये निकालना, ये कांग्रेस जो करती है उसका बड़ा उदाहरण है. वहीं शनिवार को लोकसभा में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर हुई कार्रवाई को लेकर साव ने कहा कि हर एक जनप्रतिनिधि से अपेक्षा की जाती है कि वो कानून का पालन करे, और जिस



प्रकार से लोकसभा की जो आचार संहिता बनी हुई है उसका पालन करे. विधिवत समिति ने जांच की और लोकसभा ने सर्वानुमति से यह पास किया गया है. तो एक जनप्रतिनिधि के लिए कदाचरण जैसा व्यवहार करना उचित नहीं है. लोकसभा ने इसका निर्णय किया है. इसका सभी को पालन करना चाहिए.

रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होनी है. तीनों पर्यवेक्षक कल विधायकों के साथ मीटिंग करेंगे. बैठक में सभी 54 विधायक शामिल होंगे. पार्टी ने तीन पर्यवेक्षक इस बैठक के लिए नियुक्त किए हैं आगे की नीति और बातचीत की सूचना समय पर मिलेगी. जो हमने कहा है, जनता से जो वादा किया है, वह वादा पूरा करेंगे।

# सनातन का अपमान करने वालों को प्रदेश की जनता ने दिया जवाब: बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर, 9 दिसंबर।** सर्वाधिक मतों से आठवीं बार जीत दर्ज करने के बाद बृजमोहन अग्रवाल अपने पहले सार्वजनिक आयोजन में शामिल हुए। रायपुर पुष्टिकर समाज के पुरानी बस्ती में निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया। इस दौरान सनातन धर्म का अपमान करने वालों पर फिर गरजते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सनातन का अपमान करने वालों को प्रदेश की जनता ने माकूल जवाब दिया हैं। अब राजधानी सहित प्रदेश में कानून का राज चलेगा, गुंडे-बदमाशों की खैर नहीं। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय बुलडोजर, बुलडोजर के नारे लगाने लगे, जिस पर बृजमोहन ने कहा कि चल रहा हैं ना बुलडोजर ठीक हैं न रफ्तार जनता ने समर्थन में दोनों हाथ उठाकर समर्थन किया तो बृजमोहन ने कहा कि चलते रहेगा बुलडोजर अवैध निर्माण पर, अवैध कार्यों पर। प्रदेश में फिर विकास रफ्तार पकड़ेगा। रायपुर के सबसे बड़े शिवालय में बूढ़ेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर अपने आठवें सावर्जनिक कार्यकाल का आगाज करते हुए उन्होंने कहा की भोले बाबा ने बुलाया है। ये सब उनके ही आशीवाद का परिणाम हैं की रायपुर की जनता मुझे लगातार आशीर्वाद दे रही हैं। शहर का हर नागरिक बृजमोहन हैं और किसी भी काम के लिए जनता को भटकने की आवश्यकता नहीं हैं। हर नागरिक अपनेको बृजमोहन समझकर कार्य करें। रायपुर पुष्टिकर समाज के सामुदायिक भवन के लिए उन्होंने और 10 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेरी कोई ताकत नहीं हैं, मुझ में कोई दम नहीं हैं। ये सब आप सभी के मत की ताकत हैं जो मुझे लगातार सेवा करने का संबल देती हैं। बूढेश्वर बाबा और भैरुनाथ बाबा के आशीर्वाद से अब प्रदेश में कमल फूल वाली भाजपा की सरकार हैं विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी। इस दौरान पुष्टिकर समाज के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। साथ ही आम जनता ने भी बृजमोहन अग्रवाल के आठवें कार्यकाल के इस प्रथम सार्वजानिक आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लिया।

# अभा सिक्ख क्रिकेट चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मैच आज

**रायपुर 9 दिसंबर।** 15 वीं सिक्ख प्रीमियर लगेज - 2023 ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के दो सेमीफाइनल मैच शनिवार को एसईसीआरएसए क्रिकेट ग्राउंड डब्ल्यूआरएस कालोनी में खेले जायेंगे। पहला मैच नांदेड़ व चंडीगड़ एवं दूसरा मैच रायपुर व पटियाला के बीच खेला जायेगा। इससे पूर्व आज खेले गए मैच में चंडीगड़ सिक्ख व पंजाब पटियाला ने जीत दर्ज की। मैच के अतिथि हरमीत सिंह होरा ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए शुभकामनाएं दी। शुक्रवार को पहला मैच त्राल इलेवन कश्मीर व चंडीगड़ सिक्ख के बीच खेला गया। त्राल की टीम ने 18 ओवर में 9 विकेट खोकर 126 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक देविंदर सिंह ने 65 रन बनाए। चंडीगड़ के हरप्रीत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट चटकाए वहीं जसक्रीत मेहरा ने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए चंडीगड़ सिक्ख ने 15.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाकर मैच जीत लिया। रमनजीत सिंह ने 43 गेंद में 63 रन की शानदार पारी खेली वहीं




प्रभजीत सिंह ने 5 चौके व 3 छक्कों की मदद से 42 गेंद में 54 रन का स्कोर किया। त्राल इलेवन कश्मीर की ओर से गुरप्रीत सिंह ने 3.1 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट लिए। चंडीगड़ सिक्ख के रमनजीत सिंह को मैन आफ द मैच घोषित किया गया।


दूसरे मैच में सिंग ए पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाए जिसमें इंदरप्रीत सिंह ने 39 गेदों में सर्वाधिक 39 रन की पारी खेली और उन्होंने इस दौरान 6 चौके लगाए जबकि गुरी ने 31 गेंद में 30 रन की पारी खेली। खालसा क्रिकेट क्लब जम्मू की ओर से जतिंदरर सिंह ने 4 ओवर में 23 रन देकर 2 और कवलप्रीत ने 4 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा प्रभु राम का प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव

**रायपुर 9 दिसंबर।** वर्ष 2024 भारत वर्ष के लिए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन के रूप में जाना जाने वाला है क्योंकि इस वर्ष पौष शुक्ल, द्वादशी याने 22 जनवरी 2024 के शुभदिन पर श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे मंदिर में श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस आयोजन को भव्य मनाने के लिए राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ महानगर द्वारा कल पुरानी बस्ती महामाया मंदिर से अपरान्ह 11 बजे विविध अनुसांगिक संगठनों को अक्षत कलश का वितरण किया जाएगा। संगठन के सदस्य कलश यात्रा के रूप में इसे लेकर महानगर के विभिन्न बस्तियों में जाएंगे। इनके द्वारा आमनागरिकों को घर-घर जाकर प्रांण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया जाएगा। साथ ही उस दिन मंदिरों में पूजा अर्चना करने और घर में दीप प्रज्वलन करने का आग्रह किया जाएगा।



श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ने बताया है कि इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनन्द का वातावरण होगा। उन्होंने निवेदन किया है कि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन पूर्वाह्न 11रू00 बजे से अपराह्न 01रू00 बजे के मध्य सभी अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस-पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित करके, भजन-कीर्तन करें, टेलीविजन, पर्दा अथवा एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखायें, शंखध्वनि, घंटानाद, आरती करें, प्रसाद वितरण करें ।अपने मंदिर में स्थित देवी-देवता का भजन-कीर्तन-आरती - पूजा तथा ÷श्रीराम जय राम जय जय रामष् विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करें। इसके साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ भी कर सकते हैं। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह दूरदर्शन द्वारा सीधे प्रसारित किया जायेगा और अनेक चौनलों के माध्यम से भी इसका प्रसारण किया जायेगा। प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सायंकाल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने दीपक जलाएँ, दीपमालिका सजायें। साथ ही यह भी निवेदन किया है कि प्राण-प्रतिष्ठा दिन के उपरान्त प्रभु श्रीरामलला तथा नवनिर्मित मंदिर के दर्शन हेतु अपने अनुकूल समयानुसार अयोध्याजी में परिवार सहित पधारकर श्रीराम जी की कृपा प्राप्त करें ।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23